सत्यमेव जयते

त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम
पर
भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक
का प्रतिवेदन

भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग ✦ INDIAN AUDIT AND ACCOUNTS DEPARTMENT

सत्यमेव जयते

संघ सरकार
जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय
2018 का प्रतिवेदन संख्या 22
(निष्पादन लेखापरीक्षा)

त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम
पर
भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक
का प्रतिवेदन

संघ सरकार

जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय

2018 का प्रतिवेदन संख्या 22

(निष्पादन लेखापरीक्षा)

विषय सूची

	विषय सूची	पृष्ठ संख्या
	प्राक्कथन	iii
	कार्यकारी सार	v
अध्याय I	कार्यक्रम अवलोकन तथा लेखापरीक्षा दृष्टिकोण	1
अध्याय II	योजना	11
अध्याय III	वित्तीय प्रबंधन	24
अध्याय IV	कार्यक्रम कार्यान्वयन	
	खंड एः कार्यक्रम डिलिवरेबल्स की उपलब्धि	44
	खंड बीः कार्यक्रम कार्यान्वयन को प्रभावित करने वाले कारक	67
अध्याय V	परियोजनाओं की निगरानी, संचालन व रखरखाव	99
	निष्कर्ष	111
	अनुशंसाएं	113
	अनुबंध	115-220
	शब्दकोष	221

प्राक्कथन

यह रिपोर्ट मार्च 2017 को समाप्त हुई अवधि के लिए संविधान के अनुच्छेद 151 के तहत राष्ट्रपति को प्रस्तुत करने के लिए तैयार की गई है।

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का यह प्रतिवेदन 2008-17 की अवधि हेतु त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के निष्पादन लेखापरीक्षा के परिणामों को शामिल करती हैं।

इस रिपोर्ट में वे प्रमाण वर्णित हैं जो 2008-17 की अवधि में नमूना लेखापरीक्षा के दौरान देखे गए थे तथा वे भी, जो पिछले वर्षों में देखे गये किन्तु पिछली रिपोर्टों में शामिल नहीं किए जा सके। 2016-17 के बाद के मामले भी, जहां उचित थे, शामिल किये गए हैं।

लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा जारी लेखापरीक्षा मानकों के अनुरूप किया गया है।

कार्यकारी सार

	मुख्य एवं मध्यम सिंचाई (एम.एम.आई.) परियोजनाएं	लघु सिंचाई (एम.आई.) योजनाएं
मुख्य तथ्य		
2008-17 के दौरान कार्यान्वयन के अधीन परियोजनाओं की संख्या	201	11,291
2008-17 के दौरान पूर्ण की गईं परियोजनाओं की संख्या	62	8,014
31 मार्च 2017 को चालू परियोजनाओं की संख्या	139	3,277
2008-17 को दौरान (राष्ट्रीय परियोजनाओं को छोड़कर) की गई परियोजनाओं की कुल संस्वीकृत लागत	₹ 2,22,799.98 करोड़	₹ 16,800.78 करोड़
2008-17 के दौरान ए.आई.बी.पी. परियोजनाओं (राष्ट्रीय परियोजनाओं को छोड़कर) को दी गई केन्द्रीय सहायता	₹ 28,334 करोड़	₹ 12,809 करोड़
नमूना में ली गई परियोजनाओं/योजनाओं की संख्या	118 (कुल एम.एम.आई. परियोजनाओं का 59 प्रतिशत)	335 (कुल एम.आई. योजनाओं का तीन प्रतिशत)
नमूना में ली गई परियोजनाओं/योजनाओं की संस्वीकृत लागत	₹ 1,80,145.79 करोड़	₹ 1,680.55 करोड़
नमूना में ली गई परियोजनाओं/योजनाओं पर व्यय	₹ 62,801 करोड़	₹ 1,591.71 करोड़
नमूना में ली गई पूर्ण परियोजनाओं/ योजनाओं की संख्या	30	213
नमूना में ली गई परियोजनाओं/योजनाओं को दी गई केन्द्रीय सहायता	₹ 19,184 करोड़	उपलब्ध नहीं[1]
नमूना में ली गई परियोजनाओं/योजनाओं हेतु सिंचाई क्षमता के निर्माण का लक्ष्य	85.41 लाख हेक्टेयर	1.50 लाख हेक्टेयर

[1] एम.आई. योजनाओं के पूरे समूह के लिए केन्द्रीय सहायता जारी किया जाता है।

नमूना एम.एम.आई. परियोजनाओं/एम.आई. योजनाओं के मुख्य निष्कर्ष		
समय लंघन वाली परियोजनाओं/ योजनाओं की संख्या (पूर्ण एवं चालू परियोजनाओं/ योजनाओं में)	105	153
समय लंघन (पूर्ण एवं चालू परियोजनाओं/ योजनाओं में) की सीमा	18 वर्ष तक	12 वर्ष तक
लागत लंघन की सीमा	₹ 1,20,772.05 करोड़	₹ 61.61 करोड़
बनाई गई सिंचाई क्षमता	58.38 लाख हेक्टेयर (68 प्रतिशत)	0.58 लाख हेक्टेयर (39 प्रतिशत)
उपयोग की गई सिंचाई क्षमता	38.05 लाख हेक्टेयर (65 प्रतिशत)	0.33 लाख हेक्टेयर (72 प्रतिशत)
उपयोगिता प्रमाण पत्रों का जमा नहीं किया जाना	₹ 1,455.71 करोड़ (जारी किए गए सी.ए. का 32 प्रतिशत)	₹ 731.69 करोड़ (जारी किए गए सी.ए. का 52 प्रतिशत)
परियोजनाओं/ योजनाओं का ए.आई.बी.पी. के अधीन अनियमित समावेश	30	41
निधियों का विपथन	₹ 1,572.31 करोड़	₹ 6.24 करोड़
राजस्व की कम प्राप्ति/हानि	₹ 1,251.20 करोड़	₹ 0.19 करोड़
काल्पनिक एवं छलपूर्ण व्यय	₹ 4.54 करोड़	₹ 3.04 करोड़
घटिया कार्य प्रबंधन के कारण वित्तीय निहितार्थ	₹ 1,572.63 करोड़	₹ 68.54 करोड़

त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (ए.आई.बी.पी.) को 1996-97 में केंद्रीय सहायता (सी.ए) कार्यक्रम के रुप में उन विशाल परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तीव्रता लाने के लिए आरंभ किया गया था जो राज्यों की संसाधन क्षमता से परे थीं एवं अन्य सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने हेतु जो अग्रिम अवस्था में थीं परन्तु राज्य सरकार द्वारा महसूस की जा रहीं संसाधनों की कमी के कारण विलंबित थीं। प्रारंभ में, ए.आई.बी.पी. का प्राथमिक लक्ष्य मुख्य एवं मध्यम सिंचाई (एम.एम.आई.) परियोजनाओं को तेजी से पूर्ण करना था। ओडिशा के के.बी.के. जिलों के सूखा प्रभावित क्षेत्र व विशेष दर्जा प्राप्त राज्यों (एस.सी.एस.) की लघु सिंचाई (एम.आई.) योजनाओं; विस्तार, नवीनीकरण, आधुनिकीकरण (ई.आर.एम.) परियोजनाओं तथा गैर-एस.सी.एस. के विशेष

क्षेत्रों[2] (एस.ए.) की एम.आई. योजनाओं को सम्मिलित करने के लिए पिछले कई वर्षों के दौरान ए.आई.बी.पी. के अधीन क्षेत्र को धीरे-धीरे विस्तारित किया गया था। जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय (एम.ओ.डब्ल्यू.आर., आर.डी. एवं जी.आर./मंत्रालय) कार्यान्वयन हेतु नीति दिशानिर्देशों को तैयार करने के लिए उत्तरदायी है जबकि राज्य सरकारें मुख्यतः सिंचाई परियोजनाओं एवं योजनाओं की योजना तथा कार्यान्वयन से संबंधित हैं।

ए.आई.बी.पी. की निष्पादन लेखापरीक्षा ने कार्यक्रम की योजना, कार्यान्वयन तथा निगरानी में विभिन्न कमियों को प्रकट किया। कार्यक्रम दिशानिर्देशों के विरुद्ध ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत परियोजनाएं एवं योजनाएं सम्मिलित की गईं, जिससे ₹ 3,718.71 करोड़ का अनियमित व्यय हुआ। विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डी.पी.आर.) को तैयार करने तथा उनके प्रसंस्करण में अपर्याप्त सर्वेक्षण, जल उपलब्धता, सिंचाई क्षमता (आई.पी.) व कमांड क्षेत्र का त्रुटिपूर्ण आकलन, गतिविधिवार निर्माण योजनाओं का अभाव, इत्यादि तथा परियोजनाओं की लाभ-लागत अनुपात की गलत गणना जैसी कमियों के कारण कार्य के आरंभ के पश्चात अभिकल्पना व कार्यक्षेत्र में परिवर्तन व लागत आकलन में संशोधन हुए, जिसने परियोजनाओं के कार्यान्वयन के कार्यक्रम को प्रतिकूल रुप से प्रभावित किया।

ए.आई.बी.पी. का वित्तीय प्रबंधन अक्षम था क्योंकि निधियों को जारी नही करने/कम जारी करने, विभिन्न स्तरों पर निधियों को जारी करने में विलंब, वित्त वर्ष के अंत में जारी करने तथा बाद में जारी की जाने वाली निधियों में अव्ययित शेष के असमायोजन जैसे मामले थे। ₹ 2,187.40 करोड़ की राशि की निधियों हेतु उपयोगिता प्रमाण पत्र जो राज्य एजेन्सियों द्वारा प्राप्त कुल सी.ए. का 37 प्रतिशत था, मंत्रालय को समय पर प्रस्तुत नहीं किया गया था। अन्य वित्तीय अनियमितताएं जैसे ₹ 1,578.55 करोड़ की राशि की निधियों का विपथन, ₹ 1,112.56 करोड़ की राशि की निधियों को रोके रखना तथा ₹ 7.58 करोड़ की राशि का कल्पित एवं कपटपूर्ण व्यय भी पायी गईं थीं। ₹ 1,251.39 करोड़ के राजस्व की कम/गैर-प्राप्ति के उदाहरण भी दृष्टांत थे।

ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत परियोजनाओं का कार्यान्वयन मन्द था, जिसमें परियोजनाओं के पूर्ण होने में एक से 18 वर्षों का विलम्ब हुआ। नमूना में ली गई 118 एम.एम.आई. परियोजनाओं तथा 335 एम.आई. योजनाओं में से केवल 30 एम.एम.आई. परियोजनाएं तथा 213 एम.आई. योजनाएं ही मार्च 2017 तक पूर्ण हुई थी। भूमि अधिग्रहण में कमी, अग्रिम रुप से सांविधिक मंजूरी प्राप्त करने में असमर्थता, कार्य की अभिकल्पना एवं विस्तार में परिवर्तन, आदि विलंब के लिए उत्तरदायी रहे। परियोजनाओं के कार्यान्वयन में विलंब सहित अकुशल कार्य प्रबंधन से

[2] विशेष क्षेत्र सूखा प्रवृत्त क्षेत्रों, जनजातीय क्षेत्रों, मरूस्थलों, बाढ़ प्रवृत्त क्षेत्रों को दर्शाता है।

परियोजनाओं की लागत में वृद्धि हुई। 84 एम.एम.आई. परियोजनाओं, जिसमें 16 पूर्ण व 68 चालू परियोजनाऐं शामिल थीं, की कुल लागत वृद्धि ₹ 1,20,772.05 करोड़ थी जो मूल लागत का 295 प्रतिशत थी। सिंचाई क्षमता (आई.पी.) निर्माण के संबंध में परिकल्पित लाभों की प्राप्ति में एम.एम.आई. परियोजनाओं में 68 प्रतिशत तथा एम.आई. योजनाओं में 39 प्रतिशत तक की कमी रही। एम.एम.आई. परियोजनाओं तथा एम.आई. योजनाओं के लिए निर्मित आई.पी. का उपयोग क्रमशः 65 प्रतिशत एवं 72 प्रतिशत था।

कार्य प्रबंधन में कार्य को देने में विलंब, कार्य का विभाजन, परियोजना कार्यान्वयन की त्रुटिपूर्ण चरण, अवमानक कार्य का निष्पादन, ठेकेदारों को अनुचित लाभ, आदि जैसी कमियाँ थी। अनियमित/अपव्ययी/परिहार्य/अतिरिक्त व्यय पर ₹ 1,337.81 करोड़ तथा ठेकेदार को दिए गए अनुचित लाभ पर ₹ 303.36 करोड़ तक के अतिरिक्त वित्तीय निहितार्थ को लेखापरीक्षा में पाया गया।

केन्द्रीय तथा राज्य एजेन्सियों द्वारा की गई निगरानी कमजोर थी। सी.डब्ल्यू.सी. द्वारा किए गए निगरानी दौरों की संख्या में कमियाँ थी तथा सभी मूल्यांकित परियोजनाओं की रिपोर्ट तैयार नहीं की गई थी। इसके अतिरिक्त, सी.डब्ल्यू.सी. रिपोर्ट में दर्शाए गए मुद्दों का अनुपालन भी लंबित था। सभी राज्यों में राज्य स्तरीय निगरानी कमेटी नहीं बनाई गई थी। राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र, हैदराबाद (एन.आर.एस.सी.) द्वारा सुदूर संवेदन प्रौद्योगिकी के माध्यम से की गई निगरानी इमेजरी की कम दृश्यता (रिजोल्यूशन) तथा मंत्रालय द्वारा बताई गई अन्य सीमाओं के कारण बहुत सीमित थी। एन.आर.एस.सी. द्वारा दर्शायी गई आई.पी. में अंतर तथा एन.आर.एस.सी. व मंत्रालय द्वारा दर्शाए गए आई.पी. डाटा में भिन्नता थी। जल उपयोगकर्ता संघों के माध्यम से सहभागिता पर आधारित सिंचाई प्रबंधन सीमित संख्या, स्थिति तथा उनके नियंत्रण में संसाधनों के कारण गंभीर सीमाओं से ग्रस्त था, जो परियोजनाओं के संचालन एवं निगरानी को प्रभावित कर रहा था।

अध्याय I: कार्यक्रम अवलोकन तथा लेखापरीक्षा दृष्टिकोण

1.1 प्रस्तावना

सिंचाई एक राज्य विषय है तथा इस क्षेत्र में भारत सरकार (जी.ओ.आई.) की भूमिका मुख्य रूप से समग्र योजना, नीति निरूपण, समन्वय तथा मार्गदर्शन पर केन्द्रित है। राष्ट्र की सिंचाई आवश्यकताओं की पूर्ति सिंचाई के विभिन्न प्रणालियों के माध्यम से की जाती है जिसमें मुख्य[1], मध्यम[2] सिंचाई (एम.एम.आई.) परियोजनाएं तथा लघु सिंचाई (एम.आई.) योजनाएं[3] सम्मिलित हैं। त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (ए.आई.बी.पी.) का आरंभ 1996-97 के दौरान केंद्रीय सहायता कार्याक्रम के रूप में उन विशाल परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तीव्रता लाने के लिए किया गया था जो कि राज्यों की संसाधन क्षमता से परे थी तथा उन अन्य सिंचाई परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए जो उन्नत स्तर पर थीं परन्तु राज्य सरकार द्वारा महसूस की जा रही संसाधनों की कमी के कारण विलंबित थी। हालांकि, तत्पश्चात कार्यक्रम के कार्य क्षेत्र को अन्य राज्यों के विशिष्ट क्षेत्रों में तथा विशेष वर्ग के राज्यों[4] (एस.सी.एस.) में एम.आई. योजनाओं को समाविष्ट करने के लिए समय-समय पर विस्तारित किया गया था।

1.2 कार्यक्रम विकास तथा डिजाइन

जैसा कि उपरोक्त कहा गया है, 1996-97 में आरंभ किये गए ए.आई.बी.पी. का मुख्य लक्ष्य उन एम.एम.आई. परियोजनाओं की पूर्णता में तीव्रता लाना था, जो निर्माण के उन्नत स्तर पर थे। ओडिशा के के.बी.के.[5] जिलों के सूखा प्रवृत्त क्षेत्रों व विशष श्रेणी राज्यों (एस.सी.एस.) की एम.आई. योजनाओं; विस्तार, नवीनीकरण, आधुनिकीकरण (ई.आर.एम.) परियोजनओं तथा गैर-एस.सी.एस. के विशष क्षेत्रों[6] (एस.ए.) की एम.आई. योजनाओं को सम्मिलित करने के लिए पिछले कई वर्षों में ए.आई.बी.पी. के अधीन क्षेत्र को धीरे-धीरे विस्तारित किया गया था।

अक्टूबर 2013 से, सिंचाई क्षमता (आई.पी.) के उपयोग में वृद्धि हेतु कमांड क्षेत्र के विकास (सी.ए.डी.) कार्यों के समरूप कार्यान्वयन पर अतिरिक्त बल दिया गया था। 2015-16 के दौरान, ए.आई.बी.पी. को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पी.एम.के.एस.वाई.) के चार घटकों

---

1 क्लचर्रबल कमांड क्षेत्र (सी.सी.ए.) की 10,000 हेक्टेयर से अधिक की सिंचाई क्षमता (आई.पी.) सहित परियोजनाएं।

2 सी.सी.ए. की 2,000 हेक्टेयर से 10,000 हेक्टेयर की आई.पी. सहित परियोजनाएं।

3 सी.सी.ए. की 2,000 हेक्टेयर से कम आई.पी. सहित परियोजनाएं।

4 उत्तर पूर्वी राज्यों तथा पहाड़ी राज्यों (हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, जम्मू एवं कश्मीर तथा उत्तराखंड)।

5 कोरापुट, बोलांगिर तथा कालाहांडी।

6 विशेष क्षेत्र सूखा प्रवण क्षेत्रों, जनजातीय क्षेत्रों, मरूस्थलों, बाढ़ प्रवण क्षेत्रों को दर्शाता है।

में से एक घटक बनाया गया था चो चालू एम.एम.आई. परियोजनाओं जिसमें राष्ट्रीय परियोजनाएं भी शामिल हैं, की शीघ्र पूर्णता पर केन्द्रित था। एम.आई. योजनाओं को पी.एम.के.एस.वाई.–हर खेत को पानी के पृथक घटक का एक भाग बनाया गया था। पी.एम.के.एस.वाई. के अंतर्गत, 99[7] अपूर्ण एम.एम.आई. परियोजनाओं को मिशन-प्रणाली मे पूर्णता हेतु चिन्हित किया गया था (जुलाई 2016) तथा उन्हें प्राथमिकता परियोजनाओं के रूप में संदर्भित किया गया था। सभी प्राथमिकता परियोजनाओं को प्राथमिकता-I (23), प्राथमिकता-II (31) तथा प्राथमिकता-III (45) परियोजनाओं में पृथक किया गया था और उनकी पूर्णता का कार्यक्रम क्रमशः मार्च 2017, मार्च 2018 और दिसंबर 2019 था।

1.3 संगठनात्मक संरचना

जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय (एम.ओ.डब्ल्यू.आर., आर.डी. एवं जी.आर./मंत्रालय) कार्यान्वयन हेतु नीति दिशानिर्देश तैयार करने के लिए उत्तरदायी है जबकि राज्य सरकारें प्रमुख रूप से सिंचाई परियोजनाओं व योजनाओं के आयोजन एवं कार्यान्वयन से संबंधित हैं। ए.आई.बी.पी. के कार्यान्वयन में विभिन्न एजेन्सियों की भूमिका को दर्शाता हुआ एक चार्ट निम्नानुसार है:-



[7] पी.एम.के.एस.वाई. के आरंभ के समय, 149 परियोजनाऐं चालू थीं जिनमें पाँच राष्ट्रीय परियोजनाएं सम्मिलित थीं। 99 परियोजनाओं में दो राष्ट्रीय परियोजनाएं (उत्तर प्रदेश में सरयू नहर परियोजना तथा महाराष्ट्र में गोसीखुर्द परियोजना) सम्मिलित हैं।



नीति आयोग (जनवरी 2015) के गठन के बाद से परियोजनाओं हेतु निवेश मंजूरी मंत्रालय द्वारा दी जा रही है।

पी.एम.के.एस.वाई. के अंतर्गत, कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु केन्द्रीय स्तर पर एक तीन-स्तरीय कार्यान्वयन संरचना बनाई गई थी (सितम्बर 2016), जिसका विवरण निम्नानुसार है।

- एम.ओ.डब्ल्यू.आर., आर.डी. एवं जी.आर. के अपर सचिव/विशेष सचिव को मिशन निदेशक के रूप में **पी.एम.के.एस.वाई. मिशन** को अन्य बातों के साथ-साथ चिन्हित 99 एम.एम.आई. परियोजनाओं, जिसमें मिशन प्रणाली में उनकी सी.ए.डी. कार्य सम्मिलित है, को पूर्ण करने का उत्तरदायित्व था।
- मिशन के कार्यों के समग्र कार्यान्वयन, समन्वय, नीति संबंधी मामले व निगरानी हेतु एम.ओ.डब्ल्यू.आर., आर.डी. एवं जी.आर. तथा कृषि सहयोग व किसान कल्याण (ए.सी. व एफ.डब्ल्यू.) मंत्रालय के सचिवों को सदस्य के रूप में और सी.ई.ओ. नीति आयोग की अध्यक्षा में एक परिषद का गठन किया गया। बड़ी संख्या में परियोजनाओं वाले राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ अन्य राज्यों से बारी-बारी से एक मुख्य सचिव को सदस्य नियुक्त किया गया। **परिषद** का सदस्य सचिव मिशन निदेशक है।
- पी.एम.के.एस.वाई. के अन्य घटकों तथा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु वित्त मंत्री, एम.ओ.डब्ल्यू.आर., आर.डी. एवं जी.आर. मंत्री, ए.सी. एवं एफ.डब्ल्यू. मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री तथा उप अध्यक्ष (नीति आयोग) को सदस्य के रूप में रखते हुए एक **उच्च स्तरीय सशक्त समिति (एच.एल.ई.सी.)** गठित की गई थी।

1.4 ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाएं

2008-17 (लेखापरीक्षा क्षेत्र की अवधि) के दौरान ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत 201 एम.एम.आई. परियोजनाएं थीं जिसमें से 47 एम.एम.आई. परियोजनाओं को लेखापरीक्षा अवधि के दौरान ए.आई.बी.पी. में सम्मिलित किया गया था। इसी प्रकार से, 31 मार्च 2008 तक 2,808 एम.आई. योजनाएं चालू थीं तथा 8,483 योजनाओं को ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत 2008-17 के दौरान लिया गया था। एम.एम.आई. परियोजनाओं व एम.आई. योजनाओं की राज्यवार संख्या *अनुबंध 1.1* में दी गई है। ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत अवधि के दौरान अन्तर्निहित एम.एम.आई. परियोजनाओं तथा एम.आई. योजनाओं का सार निम्न तालिका 1.1 में दिया गया है:

तालिका 1.1: ए.आई.बी.पी. परियोजनाओं/योजनाओं की संख्या

अवधि	एम.एम.आई. व ई.आर.एम. परियोजनाएं	एम.आई. योजनाएं
2008-09 तक चालू परियोजनाएं/योजनाएं	154	2,808
2008-09 से 2016-17 के दौरान सम्मिलित किए गए	47	8,483
2008-09 से 2016-17 के दौरान पूर्ण किए गए	62	8,014
31.03.2017 तक चालू ए.आई.बी.पी. परियोजनाएं/योजनाएं	139*	3,277

*चार स्थगित परियोजनाएं सम्मिलित हैं।

1.5 ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत केन्द्रीय सहायता

ए.आई.बी.पी. का मुख्य उद्देश्य एम.एम.आई. परियोजनाओं व एम.आई. योजनाओं को कार्यान्वित करने वाले राज्यों को उनके संसाधनों की कमी की पूर्ति हेतु केन्द्रीय सहायता उपलब्ध करवाना था ताकि सिंचाई योजना व परियोजनाओं की त्वरित पूर्णता को सुनिश्चित किया जा सके। ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत निधिकरण की व्यवस्था भी कार्यक्रम के आरंभ (अक्टूबर 1996) से विकसित हुई थी तथा उसे निम्न तालिका 1.2 में संक्षिप्त किया गया है।

तालिका 1.2 निधिकरण संरचना में परिवर्तन

महीना/वर्ष	निधिकरण के लिए मानदंड
अक्टूबर 1996	केन्द्र व राज्यों की बीच 1:1 आधार पर केन्द्रीय ऋण सहायता (सी.एल.ए.) के रूप में एम.एम.आई. परियोजनाओं का निधिकरण।
अप्रैल 1997	केन्द्र व राज्यों के बीच 2:1 आधार पर एस.सी.एस. हेतु एम.एम.आई. परियोजनाओं के लिए निधिकरण।
अप्रैल 1999	केन्द्र व राज्यों के बीच 3:1 आधर पर एस.सी.एस. के एम.एम.आई. परियोजनाओं व एम.आई. योजनाओं दोनों के लिए निधिकरण।

फरवरी 2002	• 4:1 आधार पर निधिकरण सहित राज्य सुधार[8] की संकल्पना का आरंभ किया गया। • एस.सी.एस. हेतु 100 प्रतिशत सी.एल.ए. का प्रावधान जिसमें ओडिशा के के.बी.के. जिले सम्मिलित हैं।
अप्रैल 2004	सी.एल.ए. को परियोजना की पूर्णता पर सामान्य राज्यों हेतु 30 प्रतिशत अनुदान/70 प्रतिशत ऋण पर तथा एस.सी.एस. हेतु 90 प्रतिशत अनुदान/10 प्रतिशत ऋण पर परिवर्तित किया जाना है।
अप्रैल 2005	ऋण घटक राज्यों द्वारा बढाए जाने हैं तथा अनुदान घटक केन्द्र द्वारा दिया जाना है।
दिसंबर 2006	एस.सी.एस. के अतिरिक्त, एस.ए. जैसे जनजातीय क्षेत्रों, सूखा प्रवृत्त क्षेत्र कार्यक्रम (डी.पी.ए.पी.) व बाढ़ प्रवृत्त क्षेत्रों तथा के.बी.के. जिलों पर 90 प्रतिशत का अनुदान (सी.ए.) भी लागू किया गया है जबकि अन्य सभी क्षेत्रों की परियोजनाओं के लिए अनुदान 25 प्रतिशत होगा।
अक्टूबर 2013	एस.ए. जैसे डी.पी.ए.पी. क्षेत्रों, मरूस्थल विकास कार्यक्रम (डी.डी.पी.) क्षेत्र, जनजातीय क्षेत्रों, गैर-एस.सी.एस. के बाढ़ प्रवृत्त क्षेत्रों में परियोजना लागत के 75 प्रतिशत तक सी.ए. को अनुदान के रूप में घटा दिया गया। अन्य सभी राज्यों में व्यवस्था अपरिवर्तित रही।
अक्टूबर 2015	एस.ए. जैसे सूखा प्रवृत्त/मरूस्थल/जनजातीय व गैर-एस.सी.एस. में बाढ़ प्रवृत्त क्षेत्रों में परियोजना लागत के 60 प्रतिशत सी.ए. तथा अन्य क्षेत्रों हेतु 25 प्रतिशत का प्रावधान है। अन्य सभी क्षेत्रों हेतु प्रावधान अपरिवर्तित रहा।
जुलाई 2016	₹ 20,000 करोड़ की प्रारंभिक निधि सहित दीर्घावधि सिंचाई निधि के निर्माण द्वारा नाबार्ड के माध्यम से 99 प्राथमिकता परियोजनाओं के निधिकरण हेतु प्रावधान।

(स्रोत: मंत्रालय)

राज्यों को ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत परियोजनाओं हेतु सी.ए. ए.आई.बी.पी. दिशानिर्देशों[9] पर आधारित अनुदान के रूप में दी जाती है। 2008-17 के दौरान, जी.ओ.आई. ने ₹ 41,143 करोड़[10] कार्यक्रम हेतु सी.ए. के रूप में जारी किए, जिसमें 197 एम.एम.आई. परियोजनाओं हेतु ₹ 28,334 करोड़ तथा 11,291 एम.आई. योजनाओं हेतु ₹ 12,809 करोड़ सम्मिलित है। पी.एम.के.एस.वाई. के अंतर्गत, प्राथमिकता परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कुल आवश्यक केन्द्रीय सहायता ₹ 31,342 करोड़ अनुमानित थी।

---

8 वर्ष-वार प्रति हेक्टेयर संचालन एवं रख-रखाव (ओ. & एम.) लागत तथा निवल राजस्व संग्रहण, एम.आई. योजनाओं हेतु ₹ 225 प्रति हेक्टेयर तथा तीन वर्षों के अंतराल के बाद एम.एम.आई. परियोजनाओं हेतु ₹ 450 प्रति हेक्टेयर की दर से पानी की दरों में वृद्धि और पाँच वर्षों के बाद परियोजनाओं के सभी वर्गों हेतु (ओ. & एम.) लागत की पूर्ति करने के लिए पानी की दरों में वृद्धि।

9 केंद्रीय ऋण सहायता (सी.एल.ए.) नवंबर 2006 से पहले दी गई थी। दिसंबर 2006 से सी.ए. को केवल अनुदान के रूप में दिया गया।

10 2016-17 के दौरान नाबार्ड से ऋण के रूप में ₹ 2,421 करोड़ सम्मिलित है।

20[11] राज्यों के संदर्भ में 2008-17 के दौरान सूचित व्यय तथा दिया गया सी.ए. व राज्य के हिस्से का राज्य-वार विवरण ***अनुबंध 1.2*** में दिया गया है। एम.एम.आई. परियोजनाओं व एम.आई. योजनाओं के लिए दिए गए सी.ए. का विवरण ***अनुबंध 1.3*** में दिया गया है। ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत एम.एम.आई. परियोजनाओं व एम.आई. योजनाओं के लिए जारी की गई निधियों की संक्षिप्त स्थिति तथा 20 राज्यों के संबंध में प्रतिवेदित व्यय जिसके लिए पूर्ण सूचना उपलब्ध कराई गई थी, को निम्न तालिका 1.3 में दिया गया है:

तालिका 1.3: ए.आई.बी.पी. पर वित्तीय परिव्यय तथा व्यय

(राशि ₹ करोड़ में)

अवधि	जारी किया गया केन्द्र का हिस्सा	जारी किया गया राज्य का हिस्सा	कुल जारी की गई राशि	सूचित व्यय
2008-09 से 2016-17	41,143	56,805.84	97,985.32	92,522.39

स्रोत: केन्द्र द्वारा जारी राशि मंत्रालय के अभिलेखों पर आधारित हैं जबकि राज्य के हिस्से व सूचित व्यय को केवल 20 राज्यों के लिए राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना से संकलित किया गया है।

1.6 परियोजनाओं/योजनाओं का राज्य वार विवरण तथा उनकी स्वीकृत लागत

201 एम.एम.आई. परियोजनाएं, जो कि 2008-17 के दौरान ए.आई.बी.पी. का भाग थीं, की कुल स्वीकृत लागत ₹ 2,22,799.98 करोड़ थी। एम.एम.आई. परियोजनाओं के राज्य वार वितरण का विश्लेषण दर्शाता है कि नौ राज्यों जैसे महाराष्ट्र (48); मध्यप्रदेश (19); कर्नाटक (17); तेलंगाना (13); जम्मू एवं कश्मीर (13); आंध्रप्रदेश (12); ओडिशा (11); उत्तरप्रदेश (नौ) तथा झारखंड (आठ) ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत सम्मिलित परियोजनाओं के 75 प्रतिशत हेतु लेखाबद्ध थे। स्वीकृत लागत के संबंध में, गुजरात (24.71 प्रतिशत), महाराष्ट्र (16.07 प्रतिशत), तेलंगाना (11.05 प्रतिशत), कर्नाटक (10.76 प्रतिशत), मध्यप्रदेश (7.14 प्रतिशत), ओडिशा (7.11 प्रतिशत), राजस्थान (4.50 प्रतिशत), उत्तरप्रदेश (4.49 प्रतिशत) तथा झारखंड (3.26 प्रतिशत) वित्तीय संदर्भ में परियोजनाओं के प्रमुख हिस्से हेतु लेखाबद्ध थे। इन राज्यों तथा शेष राज्यों के बीच परियोजनाओं का वितरण व स्वीकृत लागत चार्ट 1 में दर्शायी गई है।

[11] पांच राज्यों जैसे कि अरूणाचल प्रदेश, गोवा, ओडिशा, राजस्थान और पश्चिम बंगाल के संबंध में राज्यों के हिस्से की रिहाई पर विवरण राज्यों/मंत्रालयों द्वारा उपलब्ध नहीं कराए गए थे।

चार्ट 1: 2008-17 के दौरान ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत एम.एम.आई. परियोजनाएं



11,291 एम.आई. योजनाओं की कुल स्वीकृत लागत ₹ 16,800.78 करोड़ थी। इनमें से, प्रमुख हिस्सा उत्तरपूर्वी राज्यों (47.82 प्रतिशत) इसके बाद पर्वतीय राज्यों (14.60 प्रतिशत) तथा अन्य राज्यों (37.58 प्रतिशत) हेतु आंवाटित किया गया था। एम.आई. योजनाओं का वितरण तथा इन राज्यों की स्वीकृत लागत चार्ट 2 में दर्शायी गई है।

चार्ट 2: 2008-17 के दौरान ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत एम.आई. योजनाएं



1.7 लेखापरीक्षा उद्देश्य

हमने ए.आई.बी.पी. की निष्पादन लेखापरीक्षा निम्न को जाँचने व निर्धारित करने के लिए की:

- लक्षित आई.पी. निर्माण तथा उसके उपयोग को प्राप्त करने के लिए क्या कार्यक्रम की योजना पर्याप्त थी;
- क्या निधियाँ पर्याप्त थीं, समय पर उपलब्ध व उचित रूप से उपयोग की जा रही थीं;
- क्या जल के सतत प्रबंधन तथा उपलब्धता को सुनिश्चित करते हुए परियोजनाओं को एक लाभदायक, कुशल एवं प्रभावी तरीके से निष्पादित किया गया था;
- क्या परियोजनाओं की निगरानी एवं मूल्यांकन हेतु तंत्र पर्याप्त एवं प्रभावी थे; तथा
- क्या पी.ए.सी. की पूर्व अनुशंसाओं के संदर्भ में मंत्रालय द्वारा दिए गए आश्वासन का अनुपालन व कार्यान्वयन किया गया था।

1.8 लेखापरीक्षा मानदंड

निष्पादन लेखापरीक्षा हेतु लेखापरीक्षा मानदंड के मुख्य स्रोत निम्नानुसार थेः

- ए.आई.बी.पी. दिशानिर्देश;
- विस्तृत परियोजना प्रतिवेदनों (डी.पी.आर.) की तैयारी हेतु केन्द्रीय जल आयोग (सी.डब्ल्यू.सी.) द्वारा जारी दिशानिर्देश;
- राज्य व केन्द्र सरकार के बीच परियोजनावार समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.);
- राज्य पी.डब्ल्यू.डी. मैनुअल/राज्य अधिप्राप्ति मैनुअल;
- सामान्य वित्तीय नियम;
- एम.ओ.डब्ल्यू.आर., आर.डी. एवं जी.आर. तथा सी.डब्ल्यू.सी. द्वारा जारी अन्य संबंधित परिपत्र/निर्देश; तथा
- पी.एम.के.एस.वाई. दिशानिर्देश

1.9 लेखापरीक्षा कार्यक्षेत्र तथा नमूना चयन

इस निष्पादन लेखापरीक्षा में हमने 25[12] राज्यों की 2008-09 से 2016-17 की अवधि से संबंधित एम.एम.आई. परियोजनाओं एवं एम.आई. योजनाओं को सम्मिलित किया है। रैंडम आधार पर 201 परियोजनाओं में से 118 एम.एम.आई. परियोजनाओं के नमूने का चयन इस शर्त के अधीन किया गया था कि प्रत्येक राज्य में 50 प्रतिशत परियोजनाओं में नमूना क तथा नमूना ख के समूह के अंतर्गत प्राथमिकता-I परियोजनाओं का कम से कम एक तथा 100 प्रतिशत का चयन सम्मिलित हो। नमूना क में 47 परियोजनाओं में से ली गई 30 एम.एम.आई. परियोजनाएं (छह प्राथमिकता-I, छह प्राथमिकता-II, नौ प्राथमिकता-III तथा नौ अन्य परियोजनाएं) जिन्हें 2008-17 में सम्मिलित किया गया था समाविष्ट हैं जबकि नमूना

[12] हमने प्रत्येक 21 राज्यों में एम.एम.आई. परियोजनाओं तथा एम.आई. योजनाओं को सम्मिलित किया है। एम.एम.आई. परियोजनाओं तथा एम.आई. योजनाओं दोनों के लिए कुल 25 राज्यों को सम्मिलित किया गया था।

ख में शेष 154 परियोजनाओं में ली गई 88 एम.एम.आई. परियोजनाएं (15 प्राथमिकता-I, नौ प्राथमिकता-II, 18 प्राथमिकता-III तथा 46 अन्य परियोजनाएं) सम्मिलित हैं। चयनित 118 एम.एम.आई. परियोजना कुल एम.एम.आई. परियोजनाओं का 58 प्रतिशत है।

2008-17 की अवधि से संबंधित 11,291 चालू एवं पूर्ण एम.आई. योजनाओं में से रैंडम आधार पर 335 योजनाओं जो योजनाओं की कुल संख्या का तीन प्रतिशत है, का एक नमूना ग इस शर्त के अधीन लिया गया था कि प्रत्येक राज्य में पांच प्रतिशत पूर्ण एवं चालू परियोजनाओं के अधीन अधिकतम 15 चालू एवं पूर्ण योजनाओं का चयन किया हो। तीनों नमूनों के अंतर्गत राज्यवार संख्या तथा परियोजनाओं/योजनाओं का नमूना ***अनुबंध 1.4*** में दिया गया है।

चयनित 118 एम.एम.आई. परियोजनाएं जिनकी कुल स्वीकृत लागत ₹ 1,80,145.79 करोड़ है, में पी.एम.के.एस.वाई. के अंतर्गत 64 प्राथमिकता (21 प्राथमिकता-I, 15 प्राथमिकता-II तथा 28 प्राथमिकता-III) परियोजनाएं सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त, 118 नमूने में लिए गए एम.एम.आई. परियोजनाओं में से 25 एम.एम.आई. परियोजनाएं एस.सी.एस. तथा ओडिशा के के.बी.के. क्षेत्रों से संबंधित हैं और 40 परियोजनाएं गैर-एस.सी.एस. में विशेष क्षेत्रों तथा प्रधानमंत्री पैकेज के अंतर्गत सम्मिलित कृषि परेशानी वाले क्षेत्रों से संबंधित हैं। इन 118 एम.एम.आई. परियोजनाओं में से, 31 मार्च 2017 तक 30 परियोजनाएं पूर्ण थीं, तीन आस्थगित थीं तथा 85 चालू थीं। जी.ओ.आई. ने 115 नमूने में लिए गए एम.एम.आई. परियोजनाओं[13] हेतु केन्द्रीय सहायता के रूप में ₹ 19,184 करोड़ जारी किए तथा 2008-17 के दौरान इन परियोजनाओं पर किया व्यय ₹ 62,801 करोड़ था।

335 चयनित एम.आई. योजनाओं की कुल स्वीकृत लागत ₹ 1,680.55 करोड़ थी, जिनमें से 31 मार्च 2017 तक 213 पूर्ण थी तथा 122 चालू थीं। 2008-17[14] के दौरान 335 एम.आई. योजनाओं के विरूद्ध ₹ 1,591.71 करोड़ का व्यय हुआ।

नमूने में शामिल एम.एम.आई. परियोजनाओं तथा एम.आई. योजनाओं हेतु राज्य-वार जारी होने तथा व्यय होने का वितरण ***अनुबंध 1.5*** में दिया गया है। यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि एम.आई. योजनाओं के मामले में सी.ए. योजनाओं के समूह हेतु दी गई थी न की व्यक्तिगत योजनाओं हेतु।

---

13 2008 से पहले की तीन आस्थगित परियोजनाएं।

14 परियोजना प्राधिकारियों द्वारा योजना-वार सी.ए. का जारी होना प्रस्तुत नहीं किया गया था।

1.10 लेखापरीक्षा पद्धति

निष्पादन लेखापरीक्षा का आरंभ 12 अप्रैल 2017 को मंत्रालय के साथ हुए प्रवेश सम्मेलन के साथ हुआ जिसमें लेखापरीक्षा के उद्देश्यों, कार्यक्षेत्र तथा पद्धति की व्याख्या की गई। क्षेत्रीय लेखापरीक्षा अप्रैल से सितंबर 2017 तक आयोजित की गई थी। केन्द्रीय स्तर पर परियोजनाओं के अनुमोदन/स्वीकृति, निधिकरण, निगरानी व मूल्यांकन में सम्मिलित ऐजन्सियों के निष्पादन के मूल्यांकन हेतु मंत्रालय तथा सी.डब्ल्यू.सी. से संबंधित अभिलेखों की जाँच की गई थी। 25 राज्यों में राज्य लेखापरीक्षा कार्यालयों ने संबंधित राज्यों के संबंध में चयनित परियोजनाओं की योजना, वित्तीय प्रबंधन, निष्पादन, निगरानी व मूल्यांकन से संबंधित अभिलेखों की जाँच की।

लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का प्रारूप 30 नवंबर 2017 को मंत्रालय को जारी किया गया था तथा उनकी टिप्पणियाँ 09 फरवरी 2018 को प्राप्त हुई। मंत्रालय के अधिकारियों के साथ 15 फरवरी 2018 को एक समापन सम्मेलन आयोजित किया गया। रिपोर्ट को समापन सम्मेलन में हुई चर्चाओं के आधार पर संशोधित किया गया और मंत्रालय को उनके आगे की टिप्पणियों के लिए जारी (जुलाई 2018) किया गया था। संशोधित रिपोर्ट पर मंत्रालय की टिप्पणियों की प्रतीक्षा है।

1.11 पिछले लेखापरीक्षा जाँच परिणाम तथा लोक लेखा आयोग की अनुशंसाएं

ए.आई.बी.पी. की पहले भी दो अवसरों पर लेखापरीक्षा में जाँच की गई थी। प्रथम लेखापरीक्षा मे उत्पन्न लेखापरीक्षा जाँच परिणाम को 2004 की सी.ए.जी. की प्रतिवेदन संख्या 15 (संघ सरकार-निष्पादन मूल्यांकन) में प्रतिवेदित किया गया था। ए.आई.बी.पी. की दूसरी लेखापरीक्षा के जाँच परिणाम को 2010-11 की सी.ए.जी. की प्रतिवेदन संख्या 4 (निष्पादन लेखापरीक्षा) में प्रतिवेदित किया गया था। 2010-11 की सी.ए.जी. की प्रतिवेदन संख्या 4 (निष्पादन लेखापरीक्षा) में समाविष्ट जाँच परिणामों को लोक लेखा समिति द्वारा विस्तृत जाँच हेतु लिया गया तथा इस विषय पर उनकी अनुशंसाऐं 68वें प्रतिवेदन (15वीं लोक सभा) में की गई थीं। वर्तमान प्रतिवदन में लोक लेखा समिति तथा उससे संबंधित लेखापरीक्षा जाँच परिणामों के संबंध में मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत कृत-कार्रवाई प्रतिवेदन ***अनुबंध 1.6*** में दिया गया है।

1.12 अभीस्वीकृति

हम निष्पादन लेखापरीक्षा के प्रत्येक स्तर पर एम.ओ.डब्ल्यू.आर., आर.डी. एवं जी.आर., केन्द्रीय जल आयोग (सी.डब्ल्यू.सी.) तथा राज्य सरकार विभागों द्वारा दिए गए सहयोग को अभिस्वीकृत करते हैं।

अध्याय II: योजना

2.1 प्रस्तावना

ए.आई.बी.पी. योजना हेतु एक विस्तृत संरचना उपलब्ध कराता है जिसमें केन्द्र तथा राज्य स्तर दोनों की विभिन्न एजेंसियाँ सम्मिलित हैं। एम.एम.आई. परियोजनाओं के मामले में, योजना प्रक्रिया में आवश्यक सर्वेक्षण व जाँच के पश्चात परियोजनाओं पर प्राथमिक प्रतिवेदनों को तैयार करना व्यापक रूप से सम्मिलित है। इसके पश्चात इन्हें केन्द्रीय जल आयोग (सी.डब्ल्यू.सी.) को प्रस्तुत कर दिया जाता है जो उसकी संवीक्षा करता है तथा विस्तृत परियोजन प्रतिवेदन (डी.पी.आर.) को तैयार करने हेतु अपनी सैद्धांतिक सहमति देता है। राज्य सरकार द्वारा तैयार डी.पी.आर. को सी.डब्ल्यू.सी. द्वारा जाँचा जाता है तथा तकनीकी स्वीकृति हेतु मंत्रालय की तकनीकी सलाहकार समिति (टी.ए.सी.) को भेज दिया जाता है। टी.ए.सी. की स्वीकृति के पश्चात, डी.पी.आर. को अंतिम अनुमोदन व निवेश स्वीकृति[15] हेतु योजना आयोग/मंत्रालय को भेजा जाता है। ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत लघु सिंचाई योजनाओं को राज्य टी.ए.सी./राज्य योजना विभाग की अनुमति के पश्चात ही लिया जा सकता है।

2.2 ए.आई.बी.पी. पात्रता मानदंड तथा नियम

ए.आई.बी.पी. दिशानिर्देश, ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत सम्मिलित की जाने वाली परियोजनाओं एवं योजनाओं हेतु पात्रता मानदंड तथा नियमों को निर्दिष्ट करते हैं। इन नियमों में अक्टूबर 1996 में ए.आई.बी.पी. के आरंभ होने से अनेकों संशोधन हुए हैं जैसाकि निम्न तालिका 2.1 में संक्षिप्त है:-

तालिका 2.1: ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत परियोजनाओं को सम्मिलित करने हेतु नियमों में संशोधन

महीना/वर्ष	ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत परियोजना को सम्मिलित करने हेतु नियम
अक्टूबर 1996	• ₹ 1,000 करोड़ से अधिक की बहुउद्धेशीय परियोजनाएं जहाँ पर्याप्त प्रगति की गई थी तथा जो राज्य की संसाधन क्षमता से ऊपर/बाहर (beyond) थीं। • एम.एम.आई. परियोजनाएं जो पूर्ण होने के उन्नत स्तर पर हैं व जिनकी 1,00,000 हेक्टेयर की आश्वस्त जल आपूर्ति की लाभ क्षमता है।

[15] योजना आयोग के नेशनल इंस्टिट्यूशन फार ट्रांसफोर्मिंग इंडिया (नीति) आयोग के प्रतिस्थापन (1 जनवरी 2015) के बाद से निवेश स्वीकृति मंत्रालय द्वारा दी जाती है।

महीना/वर्ष	ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत परियोजना को सम्मिलित करने हेतु नियम
	• परियोजनाओं में योजना आयोग की निवेश स्वीकृति होनी चाहिए।
अप्रैल 1997	• ₹ 500 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाएं।
अप्रैल 1999	• ओडिशा के के.बी.के. जिलों में परियोजनाएं। • एस.सी.एस. (उत्तर पूर्व में सात राज्य तथा अन्य पर्वतीय राज्य जैसे हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, जम्मू एवं कश्मीर) की एम.आई. योजनाएं।
अप्रैल 2005	• योजनाओं के समूह हेतु 50 हेक्टेयर से अधिक तथा पृथक योजना हेतु 20 हेक्टेयर की आई.पी. के साथ एस.सी.एस. में एम.आई. योजनाएं, जिसकी प्रति हेक्टेयर लागत ₹ एक लाख से अधिक न हो तथा पृथक योजनाओं हेतु 100 हेक्टेयर से अधिक आई.पी. के साथ गैर-एस.सी.एस. में एम.आई. योजनाएं जिसमें आदिवासी क्षेत्रों व सूखा प्रवृत्त क्षेत्रों को वरीयता दी गई थी व जो पूर्ण रूप से दलितों तथा आदिवासियों (विशेष क्षेत्रों) को लाभान्वित करते है। • ई.आर.एम. परियोजनाओं को सम्मिलित करना। • एम.एम.आई. एवं ई.आर.एम. परियोजनाओं (अपवादों सहित) हेतु विनिर्दिष्ट एक के लिए एक शर्तें[16]।
दिसंबर 2006	• ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत सम्मिलित होने के लिए, एम.एम.आई. और ई.आर.एम. परियोजनाओं को अगले चार वर्षों में पूर्ण होने की निर्धारित अवधि होनी चाहिए। • प्रत्येक योजना हेतु 50 हेक्टेयर से अधिक आई.पी. के साथ गैर-एस.सी.एस. में जो जनजातीय क्षेत्रों व सूखा प्रवृत्त क्षेत्रों की हैं।
अक्टूबर 2013	• योजना आयोग की निवेश मंजूरी के साथ ई.आर.एम. परियोजनाएं जो उन परियाजनाओं से संबंधित हैं जिन्हें शर्तों के अधीन कम से कम 10 वर्ष पहले ही पूर्ण तथा कमीशन कर लिया गया था। • प्रधानमंत्री पैकेज के अंतर्गत पहचाने गए कृषि आपदाग्रस्त जिलों में परियोजनाओं हेतु एक के लिए एक नियम से छूट अनुमत्त होना। • "उन्नत स्तर" से तात्पर्य उस परियोजना से है जिसमें नवीनतम अनुमोदित अनुमानित लागत का कम से कम 50 प्रतिशत व्यय हुआ हो तथा अनिवार्य कार्यों[17] के मामले में कम से कम 50 प्रतिशत की भौतिक प्रगति प्राप्त की गई हो।

16 कार्यक्रम के अंतर्गत एक परियोजना के पूर्ण होने पर ही अन्य परियोजना को सम्मिलित करने पर विचार किया जाएगा।

17 नहर हेतु हेड वर्क, खुदाई का कार्य, भूमि अधिग्रहण, जलाशय क्षेत्र हेतु आर.एवं.आर गतिविधियाँ, अभिकल्पना को अंतिम रूप देना तथा निर्माण आरेखण की उपलब्धता कार्य को देने के अनुसार कार्य को पूरा करने के अनुरूप थी

महीना/वर्ष	ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत परियोजना को सम्मिलित करने हेतु नियम
	• गैर-एस.सी.एस. में एम.आई. योजनाओं हेतु पूर्णता की नियत तिथि दो वित्त वर्ष थी। • आई.पी.सी. के उपयोग हेतु सी.ए.डी. कार्यों का समकालिक कार्यान्वयन।
जुलाई 2015	• ए.आई.बी.पी. को पी.एम.के.एस.वाई. के चार घटकों में से एक बनाया गया था एवं अपूर्ण एम.एम.आई. परियोजनाएं सम्मिलित की गई थी। • हर खेत को पानी के अंतर्गत, एम.आई. योजनाओं को पी.एम.के.एस.वाई. का एक अलग घटक बनाया गया था।
जुलाई 2016	• 144 अपूर्ण एम.एम.आई. परियोजनाओं में से 99[18] परियोजनाओं को दिसंबर 2019 तक चरणों में पूर्ण करने के लिए प्राथमिकता परियोजना घोषित किया गया था।

(स्रोत:मंत्रालय)

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की 2010-11 की प्रतिवेदन संख्या 4 ने दर्शाया था कि ए.आई.बी.पी. दिशानिर्देशों (1997,1999,2005 तथा 2006) में निरंतर संशोधन ए.आई.बी.पी. के केन्द्र, दृष्टिकोण तथा उद्देश्यों में स्पष्टता के अभाव को दर्शाते हैं। संसदीय स्थायी समिति (16वीं लोक सभा) ने भी ए.आई.बी.पी. की समीक्षा पर अपनी चौदहवें प्रतिवेदन (मार्च 2017) में पाया था कि दिशानिर्देशों में ऐसे निरंतर परिवर्तनों ने "कार्यक्रम के सुचारू कार्यान्वयन में बाधा डाली तथा नीति तैयार करने में दूरदृष्टि के अभाव को दर्शाता है"। लेखापरीक्षा जांच ने उजागर किया कि इसके बाद भी दिशानिर्देश समय-समय पर बदले जाते रहे जैसे कि 2013, 2015 तथा 2016 में।

2.3 निर्धारित मानदंडों का अनुपालन किये बिना ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत परियोजनाओं को सम्मिलित करना

एम.एम.आई. परियोजनाएं

लेखापरीक्षा ने पाया कि 30 एम.एम.आई. परियोजनाएं जिसमें ₹ 30,192.70 करोड़ की स्वीकृत लागत सम्मिलित है अर्थात 118 नमूना परियोजनाओं की कुल स्वीकृत लागत के 17 प्रतिशत को दिशानिर्देशों में निर्धारित मानको एवं मानदंडों का उल्लंघन करते हुए ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत सम्मिलित किया गया था। 2016-17 तक केन्द्रीय सहायता के रूप में ₹ 3,718.71 करोड़ की राशि इन परियोजनाओं के ए.आई.बी.पी. में सम्मिलित होने से जारी की गई थी। उपरोक्त 30 परियोजनाओं का विवरण ***अनुबंध 2.1*** में दिया गया है। 30

[18] दो राष्ट्रीय परियोजनाएं सम्मिलित हैं

एम.एम.आई. परियोजनाएं जिन्हें दिशानिर्देशों के उल्लंघन में ए.आई.बी.पी. में सम्मिलित किया गया था, से संबंधित लेखापरीक्षा जाँच परिणाम पर चर्चा निम्न पैराग्राफ में दी गई है:

- चार राज्यों के मामले में यानि, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, केरल तथा उत्तर प्रदेश जिनमें पहले से ही ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत एम.एम.आई. परियोजनाएं चल रही हैं, नौ ई.आर.एम. परियोजनाएं जिनकी कुल स्वीकृत लागत ₹ 1,016.02 करोड़ थी, को ए.आई.बी.पी. दिशानिर्देशों[19] में निर्धारित शर्तों के उल्लंघन में 2005-12 के दौरान ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत सम्मिलित किया गया था। इन नौ ई.आर.एम. परियोजनाओं के विरूद्ध ₹ 239.46 करोड़ की राशि जारी की गई थी। मंत्रालय का स्पष्टीकरण (फरवरी 2018) कि दिशानिर्देश ई.आर.एम. को शामिल करने की अनुमति देते हैं जहाँ परिकल्पित नई क्षमता पर विचार किया गया है, मान्य नहीं है क्योंकि ए.आई.बी.पी. में सम्मिलित होने के लिए सर्वप्रथम राज्य में कोई चालू एम.एम.आई. परियोजनाएं नहीं होनी चाहिए की प्रमुख आवश्यकता की पूर्ति की जानी चाहिए।
- दो राज्यों अर्थात कर्नाटक व महाराष्ट्र में चार एम.एम.आई. परियोजनाएं, जिनकी कुल स्वीकृत लागत ₹ 2,045 करोड़ थी को योजना आयोग की निवेश स्वीकृति प्राप्त किए बिना 2002-03 तथा 2009-10 के बीच ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत सम्मिलित किया गया था। 2003-10 के दौरान इन परियोजनाओं हेतु ₹ 301.18 करोड़ की राशि जारी की गई थी। मंत्रालय (फरवरी 2018) ने 1997 में योजना आयोग द्वारा जारी निर्देशों के आधार पर उपरोक्त को उचित ठहराया, जिसमें राज्य सरकारों को अंतर-राज्य पहलूओं के बिना मध्यम सिंचाई योजनाओं हेतु निवेश स्वीकृति देने की सहमति दी। यह स्वीकार्य नहीं है क्योंकि 1996 से ए.आई.बी.पी दिशानिर्देशों ने योजना आयोग द्वारा निवेश स्वीकृति मिलने के पश्चात ही एम.एम.आई. परियोजनाओं को सम्मिलित करने का आदेश दिया।
- आठ राज्यों अर्थात आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना तथा उत्तर प्रदेश में 14 एम.एम.आई. परियोजनाएं जिनकी स्वीकृत लागत ₹ 26,822.10 करोड़ थी को 2005-06 से 2009-10 के दौरान ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत सम्मिलित कर लिया गया था, यद्यपि वे निर्माण के उन्नत स्तर पर भी नहीं थे। हमने पाया कि इन परियोजनाओं पर व्यय उनके सम्मिलित होने के समय पर उनकी अनुमानित लागत के शून्य से 34 प्रतिशत के बीच था। इसके अतिरिक्त, ए.आई.बी.पी. में उनके सम्मिलित होने से मार्च 2017 तक इन परियोजनाओं के लिए ₹ 3,114.15 करोड़ राशि जारी की गई थी। मंत्रालय ने कहा (फरवरी 2018) कि

[19] 2005 ए.आई.बी.पी. दिशानिर्देशों का पैरा 6 (क)।

2006 के ए.आई.बी.पी. दिशानिर्देशों में "निर्माण के उन्नत स्तर" को परिभाषित नहीं किया था और इसलिए इन परियोजनाओं को सम्मिलित किया गया था। मंत्रालय का तर्क स्वीकार्य नहीं है क्योंकि इन परियोजनाओं पर व्यय कम था तथा उनकी केवल मूल अनुमानित लागत के शून्य से 34 प्रतिशत के बीच था।

- झारखंड में, तीन परियोजनाओं का प्रस्तावित कुल कमांड क्षेत्र जिसकी स्वीकृत लागत ₹ 309.58 करोड़ थी, को उपरोक्त कथित ए.आई.बी.पी. दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अंतर्गत अपेक्षित एक लाख हेक्टेयर के नियोजित कमांड क्षेत्र के मानदंड को पूरा न करने पर भी इन्हें ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत सम्मिलित किया गया था। इस प्रकार, ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत इन परियोजनाओं का चयन अनियमित था। मार्च 2017 तक इन परियोजनाओं को ₹ 63.92 करोड़ की राशि जारी की गई थी।

एम.आई. योजनाएं

एम.आई. योजनाओं को सम्मिलित करने हेतु ए.आई.बी.पी. दिशानिर्देशों के अंतर्गत पात्रता मापदंड एस.सी.एस. एवं गैर-एस.सी.एस के बीच था एवं समय-समय पर मंत्रालय द्वारा संशोधित भी किया गया था जैसाकि निम्न तालिका 2.2 में दर्शाया गया है:

तालिका 2.2: एम.आई. योजनाएं हेतु पात्रता मापदंड

वर्ष	राज्य का वर्ग	क्षेत्र		प्रति हेक्टेयर विकास लागत
		एकल एम.आई. योजनाएं	योजनाओं का समूह	
2005	एस.सी.एस.	कम से कम 20 हेक्टेयर	कम से कम 50 हेक्टेयर	₹ एक लाख से कम
	गैर-एस.सी.एस	100 हेक्टेयर से अधिक	-	-
2006	एस.सी.एस.	कम से कम 20 हेक्टेयर	कम से कम 50 हेक्टेयर	₹ एक लाख से कम
	गैर-एस.सी.एस.	50 हेक्टेयर से अधिक	-	₹ एक लाख से कम
2013	एस.सी.एस.	10 हेक्टेयर	20 हेक्टेयर	₹ 2.50 लाख से कम
	गैर-एस.सी.एस.	20 हेक्टेयर	50 हेक्टेयर	₹ 2.50 लाख से कम

तीन राज्यों में ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत सम्मिलित एम.आई. योजनाओं की लेखापरीक्षा संवीक्षा ने एम.आई. योजनाओं में सम्मिलित ऐसे 41 मामलों को दर्शाया जो अधिकथित मानदंडों के अनुरूप नहीं थे। महत्त्वपूर्ण जाँच परिणामों का राज्य वार विवरण निम्म तालिका 2.3 में दिया गया है:

तालिका 2.3: निर्धारित मापदंडों का पालन किये बिना सम्मिलित एम.आई. योजनाएं

राज्य	निर्धिरित मापदंडों का पालन किये बिना सम्मिलित की गई योजनाएं
अरूणाचल प्रदेश	• **कुकुर्जन, ओल्ड गंगा एम.आई. योजना, सिंगरी हापा जोते इंद्रजुली एम.आई. योजना, चिंपू डब्ल्यू.आर.डी. कॉम्पलेक्स पर मॉडल एम.आई. योजना, इटानगर उपखंड के अंतर्गत पोमा में रीलो एम.आई. योजना पर एम.आई. योजना का समूह पोरेन्ग, बोलेन्ग, सुपसिंग, रेंगो, यिंगकू, लिलेंग, मोपित, बेगिंग, डोसिंग, पारोंग, रीयू, रीगा, पेंगकेंग, कुमकू, उग्गींग, येमसिंग, कालेक, कोमसिंग में एम.आई. योजना का समूह।** उपरोक्त एम.आई. योजनाओं के दो समूह फरवरी 2011 के दौरान स्वीकृत किए गए, जिसमें ₹ एक लाख से कम प्रति हेक्टेयर की निर्धारित लागत के विरूद्ध परियोजनाओं हेतु प्रति हेक्टेयर की विकास लागत क्रमशः ₹ 1.81 लाख तथा ₹ 1.24 लाख थी। • **बुडागांव, वांगहू, ताखोंग रामलिंगम कृषि फील्ड क्षेत्रों हेतु गिपजैंग एम.आई. योजना।** 42 हेक्टेयर की कुल आई.पी. के साथ योजना को जनवरी 2009 में स्वीकृत किया गया था जो कि न्यूनतम निर्धारित 50 हेक्टेयर से कम था।
जम्मू एवं कश्मीर	• वर्ष 2013-14 से पूर्व 30 जाँची गईं योजनाओं में से 11 के संदर्भ में विकास लागत ₹ एक लाख प्रति हेक्टेयर से अधिक थी तथा ₹ 1.05 लाख से ₹ 3.10 लाख प्रति हेक्टेयर के बीच थी। मार्च 2017 को समाप्त अवधि हेतु इन योजनाओं पर किया गया व्यय ₹ 33.22 करोड़ था। विभाग ने कहा कि चूँकि योजनाएं सक्षम प्राधिकारी (टी.ए.सी.) द्वारा अनुमोदित थीं इसलिए निधियों को कार्य के निष्पादन हेतु जारी किया गया था। • 20 नलकूपों जिनमें ₹ सात करोड़ की अनुमोदित लागत निहित थी, को 2008-09 के दौरान ए.आई.बी.पी के अंतर्गत एम.आई. योजना के रूप में सम्मिलित किया गया था, जो कि अनियमित थे क्योंकि योजनाओं में कोई भी सतही सिंचाई सम्मिलित नहीं थी।
राजस्थान	**भिमनी एम.आई. योजना** ₹ एक लाख प्रति हेक्टेयर से कम की निर्धारित लागत के विरूद्ध परियोजनाओं हेतु प्रति हेक्टेयर विकास लागत ₹ 1.13 लाख थी, यद्यपि ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत अनुदान हेतु योजना पात्र नहीं थी फिर भी विभाग को परियोजना हेतु स्वीकृति तथा ₹ 7.87 करोड़ का अनुदान प्राप्त हुआ।

2.4 विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डी.पी.आर.)

सिंचाई एवं बहुउद्देशीय परियोजनाओं की प्रस्तुति, मूल्यांकन तथा स्वीकृति हेतु सी.डब्ल्यू.सी. दिशानिर्देशों के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत डी.पी.आर., सी.डब्ल्यू.सी. द्वारा तकनीकी-आर्थिक संवीक्षा के अधीन हैं, जिन्हें 38 सप्ताह के अधिकतम समय के भीतर मूल्यांकन पूरा करना था। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक परियोजना हेतु कमांड क्षेत्र पर ब्लॉक वार सूचना[20] भी प्रस्तुत की जानी अपेक्षित थी। लोक लेखा समिति (15वीं लोक सभा) ने ए.आई.बी.पी. पर अपने 68वें प्रतिवेदन में अनुशंसा की कि सभी लघु सिंचाई परियोजनाओं हेतु डी.पी.आर. पर अवश्य जोर दिया जाना चाहिए जैसा कि प्रमुख एवं मध्यम परियोजनाओं के मामले में किया गया था तथा परिकल्पना पेपर या साधारण परियोजना प्रस्तावों को पर्याप्त नहीं मानना चाहिए। ए.आई.बी.पी. दिशानिर्देशों में यह भी अपेक्षित है कि डी.पी.आर. के आधार पर राज्य टी.ए.सी. द्वारा एम.आई. योजनाओं का तकनीकी मूल्यांकन किया जाना चाहिए तथा उनके अनुमोदन के पश्चात ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत सम्मिलित करने हेतु मंत्रालय को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

सात राज्यों[21] से संबंधित 14 नमूना एम.एम.आई. परियोजनाओं के मामले में जिनमें तीन प्राथमिकता-I परियोजनाएं सम्मिलित है व जिनकी समग्र स्वीकृत लागत ₹ 10,550.91 करोड़ थी के डी.पी.आर. लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराए गए।

एक मामले में, एक परियोजना (रॉन्गई घाटी, मेघालय) जिसकी स्वीकृत लागत ₹ 16.30 करोड़ थी, को डी.पी.आर. तैयार किए बिना ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत सम्मिलित किया गया था। परियोजना हेतु 2002-03 तक भारत सरकार द्वारा ₹ चार करोड़ की राशि जारी की गई थी। ₹ 17.90 करोड़ के व्यय तथा 95 प्रतिशत की भौतिक प्रगति के पश्चात अप्रैल 2003 में ठेकेदार द्वारा कमांड क्षेत्र के जलमग्न तथा भूमि अधिग्रहण में असामान्य विलम्ब होने के कारण, परियोजना को बाद में त्याग दिया गया।

शेष नमूना एम.एम.आई. परियोजनाओं में से जहाँ डी.पी.आर. उपलब्ध कराए गए थे वहाँ हमारी जाँच परीक्षा ने खुलासा किया कि 35 परियोजनाओं में, जिनकी समग्र स्वीकृत लागत ₹ 55,955.19 करोड़ (31 प्रतिशत) थी, में विलम्ब, अपर्याप्त सर्वेक्षण, सर्वेक्षण में कमियाँ, जल उपलब्धता का त्रुटिपूर्ण आकलन, त्रुटिपूर्ण आई.पी., कमांड क्षेत्र का त्रुटिपूर्ण आकलन, कमांड क्षेत्र में कमी, गतिविधि वार निर्माण योजनाओं का अभाव तथा वितरण प्रणालियों में

---

[20] कमांड क्षेत्र का विवरण, स्थान, भूमि का वर्गीकरण, कुल कमांड क्षेत्र, कृषियोग्य कमांड क्षेत्र, भूमि अधिग्रहण का आकार आदि।

[21] आंध्रप्रदेशः दो, असमः चार, बिहारः एक, गोवाः एक, कर्नाटकः तीन, ओडिशाः एक, त्रिपुराः दो।

प्रति जलनिकासी का अपर्याप्त प्रावधान जैसी कमियां तथा अभाव डी.पी.आर. की तैयारी एवं प्रसंस्करण में थे। इन कमियों से कार्यक्रम के आरंभ के बाद कार्य की मदों की मात्रा, कार्य के कार्यक्षेत्र में संशोधन तथा संरचनात्मक अभियांत्रिकी एवं अभिकल्पना में परिवर्तन हुए जिसके महत्त्वपूर्ण वित्तीय प्रभाव थे।

पाँच राज्यों की छः एम.आई. योजनाओं में, हमने डी.पी.आर. को तैयार न करने, डी.पी.आर. में अपूर्ण सूचना तथा अनुचित सर्वेक्षण व जाँच के दृष्टांतों को पाया।

विवरण ***अनुबंध 2.2*** में दिया गया है। कुछ उदाहरणात्मक मामले जिसमें विभिन्न मुद्दे समाविष्ट हैं पर चर्चा निम्न तालिका 2.4 में की गई है:

तालिका 2.4: डी.पी.आर. में कमियाँ

राज्य	डी.पी.आर. में कमियाँ
अरूणाचल प्रदेश	**बाना ब्लॉक के अंतर्गत एम.आई. योजनाओं का समूह** ₹ 98.00 लाख की अनुमानित लागत के परियोजना प्रस्ताव में केवल सर्वेक्षण एवं उप एम.आई.पी. के अनुमान सम्मिलित थे। बी.सी. अनुपात, परियोजना की मुख्य विशेषताऐं, परियोजना का चरण/सारणी, इंडेक्स मैप आदि जैसी महत्वपूर्ण सूचना को परियोजना प्रस्ताव में सम्मिलित नहीं किया गया था। **इटानगर उप-भाग के अंतर्गत कुकुरजन, पुरानी गंगा एम.आई. योजना आदि एम.आई. योजना का समूह** 79 हेक्टेयर के भौतिक लक्ष्य सहित ₹ 1.43 करोड़ की लागत में उपरोक्त योजना को अनुमोदित किया गया था। डी.पी.आर. की लेखापरीक्षा संवीक्षा से यह प्रकट हुआ कि परियोजना में सात उप एम.आई. योजनाएं हैं जिनका सर्वेक्षण प्रतिवेदन के अनुसार कुल लक्षित क्षेत्र 270 हेक्टेयर था। इसलिए, डी.पी.आर. में हेक्टेयर कवरेज के संबंध में दी गई सूचना सर्वेक्षण के अनुसार नहीं है।
आंध्रप्रदेश तथा महाराष्ट्र	**वेल्लीगल्लू (आंध्र प्रदेश), लोअर वर्धा, वांग तथा कृष्णा कोयना एल.आई.एस. (महाराष्ट्र)** डी.पी.आर. के अनुमोदन में चार से 25 वर्षों का विलम्ब था। ₹ 7,498.77 करोड. की कुल राशि हेतु यह परियोजनाएं अंततः अनुमोदित की गई थीं। डी.पी.आर. के अनुमोदन में विलम्ब ने लंबी अवधि तक परियोजनाओं से होने वाले परिकल्पित लाभ से लाभार्थियों को वंचित रखा।
कर्नाटक	**उपरी तुंगा परियोजना** अनुमोदन के समय मुख्य नहर के संरेखण को 212 कि.मी. से 217 कि.मी. तक संशोधित किया गया था। नहर के एक विस्तार के पूरा होने के पश्चात, 212 कि.मी. से 213.220 कि.मी. तक कार्य नहीं लिया जा सका क्योंकि

राज्य	डी.पी.आर. में कमियाँ
	किसानों की माँग थी कि संरेखण को उस मूल सर्वेक्षित संरेखण में परिवर्तित किया जाए जिस पर वह भूमि देने के लिए सहमत थे। इसलिए, मूल संरेखण को संशोधित करने से किसानों ने विरोध किया तथा कार्य रूक गया। ठेके को बाद में रद्द कर दिया गया तथा शेष कार्य हेतु एक नई निविदा अधिसूचित की गई थी। इसके परिणामस्वरूप, परियोजना जिसे मार्च 2015 तक पूरा हो जाना चाहिए था और जिसे अब प्राथमिकता-I वर्ग में सम्मिलित किया गया है, अभी तक अपूर्ण हैं तथा किसानों को सिंचाई से वंचित कर रही है।
मध्य प्रदेश	**कचनारी विचलन योजना** निष्पादन के दौरान, स्थल पर वास्तविक कमांड क्षेत्र (220 हेक्टेयर की सी.सी.ए.) की अनुपलब्धता के कारण 3,420 मी. लंबी नहर का निर्माण नहीं किया जा सका था। यह दर्शाता है कि डी.पी.आर. में कमांड क्षेत्र की उपलब्धता का सही आकलन नही किया गया था। नहर का कार्य पूरा न होने पर परियोजना पर ₹ 3.21 करोड़ का अपव्यय हुआ।
महाराष्ट्र	**चन्द्रभागा बैराज** बैराज के निर्माण का कार्य ₹ 188.96 करोड़ की लागत पर जून 2015 में पूर्ण हुआ था, परन्तु जलमग्न क्षेत्र से कमांड क्षेत्र का स्थान उच्च स्तर पर होने के कारण नहर निर्मित नहीं की जा सकी जो अनुचित सर्वेक्षण एवं योजना को दर्शाता है तथा जिससे ₹ 188.96 करोड़ का भारी व्यय अवरूद्ध रहा। इसके अलावा जलमग्न के अंतर्गत आने वाले दो गाँवों का पुनर्वास न होने के कारण पानी बैराज में संग्रहित नहीं किया जा सका।
नागालैंड	**अलचिला एम.आई. योजना (मोकोकचुंग), बालिजन एम.आई. योजना (दीमापुर), बलुघोकी एम.आई. योजना (दीमापुर), समूह-II एम.आई. योजना (दीमापुर), खेकिहो आर.डब्ल्यू.एच. (दीमापुर), अपर अमलुमा एम.आई. योजना (दीमापुर), रालान एम.आई. योजना (वोखा), करझोल एम.आई. योजना (कोहिमा), कीयाकी एम.आई. योजना (कोहिमा), चेन्याक एम.आई. योजना (तुएनसांग), चोकलोत्सो (तुएनसांग) तथा शॉपोंग एम.आई. योजना (तुएनसांग)** 12 चयनित एम.आई. योजनाओं के डी.पी.आर. में मौसम संबंधी ऑकड़े, मृदा सर्वेक्षणों, मानसूनी वर्षा, जलग्रहण क्षेत्र की प्रकृति, जलग्रहण क्षेत्र की मौजूदा जल उपलब्धता, भूजल क्षमता आदि जैसे जल विज्ञान संबंधी पहलू नहीं थे। यद्यपि स्वतंत्र निगरानी दल (एन.ए.बी.सी.ओ.एन.एस. प्राइवेट लिमिटेड) ने इन कमियों को दिसंबर 2016 में बताया था फिर भी एस.टी.ए.सी. ने पूर्वकथित महत्वपूर्ण आँकड़ों के बिना डी.पी.आर. को अनुमोदित किया।

राज्य	डी.पी.आर. में कमियाँ
तेलंगाना	**श्री राम सागर अवस्था चरण II परियोजना** जल उपलब्धता का उचित रूप से आकलन नहीं किया गया था तथा जलग्रहण क्षेत्र के अभाव व वन क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण की समस्याओं के कारण तीन में से दो जलाशयों से जल उपलब्धता नहीं हुई। परिणामस्वरूप अभाव को ₹ 121.69 करोड़ (मार्च 2017) की लागत के साथ एक और निर्मित नवीन उत्थापक सिंचाई योजना के माध्यम से पूरा किया जाना था। इससे एस.आर.एस.पी. II परियोजना पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ा तथा सिंचाई क्षमता की उपलब्धि में देरी हुई।
त्रिपुरा	**प्रतियक रॉयचेरा विपथन योजना, दुराईचेरा विपथन योजना, चंदुकचेरा विपथन योजना, पूरब नडियापुर ली योजना, तालताला ली योजना, रबियाड्राफिडा पैरा ली योजना, शानखोला ली योजना तथा कलाशती पैरा ली योजना** नौ में से आठ चयनित एम.आई योजनाओं के मामले में डी.पी.आर तैयार नहीं किये गए थे। डी.पी.आर. की जगह राज्य सरकार ने निधिकरण हेतु भारत सरकार को अनुमानित लागत तथा लक्षित सी.सी.ए. को दर्शाते हुए परियोजना प्रस्तावों को प्रस्तुत किया। विभाग ने कहा कि प्रारंभिक सर्वेक्षण एवं जाँच की गई थी परन्तु यह प्रतिवेदन लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराए गए।
उत्तर प्रदेश	**लाहचुरा बांध का आधुनिकीकरण** ₹ 99.66 करोड़ की लागत पर मूल रूप से अनुमोदित परियोजना में, अनुमोदित डी.पी.आर. में उल्लिखित कार्य की 75 मदों की प्रमात्रा में महत्वपूर्ण अन्तर थे। यह डी.पी.आर. को तैयार करने के चरण में प्रमात्राओं के त्रुटिपूर्ण आंकलन तथा सर्वेक्षणों व जांच में कमियों को दर्शाता है। परियोजना में ₹ 229.16 करोड़ की लागत वृद्धि तथा आठ वर्षों का समय लंघन हुआ। **मध्य गंगा नहर परियोजना चरण-II** ₹ 117.87 करोड़ की लागत पर जुलाई 2007 में मंजूर की गई नहर की कंक्रीट लाइनिंग का कार्य भूजल के पुनर्भरण को प्रभावित करने के बहाने, 66.20 कि.मी. में से 31.55 कि.मी. तक का कार्य पूर्ण हो जाने के बावजूद रोक दिया गया था। यह दर्शाता है कि डी.पी.आर. चरण पर कंक्रीट लाइनिंग उपलब्ध कराने की आवश्यकता एवं संभाव्यता का उपयुक्त रूप से मूल्यांकन नहीं किया गया था जिस से बेड लाइनिंग पर परिहार्य व्यय हुआ।

2.5 लाभ लागत अनुपात (बी.सी.आर.)

लाभ लागत अनुपात (बी.सी.आर.) सिंचाई के कारण वार्षिक लागत को लाभ देने के लिए वार्षिक अतिरिक्त लाभ का अनुपात है। बी.सी.आर. की गणना को डी.पी.आर. में समाविष्ट किया गया क्योंकि यह एक सिंचाई परियोजना की आर्थिक संभाव्यता का निर्धारण करने के

लिए एक अनिवार्य आवश्यकता है। सिंचाई एवं बहुउद्देशीय परियोजनाओं की डी.पी.आर. को तैयार करने के दिशानिर्देशों के अनुसार ऐसी परियोजनाओं के अनुमोदन हेतु न्यूनतम बी.सी.आर. सूखा प्रवृत्त क्षेत्रों में एक तथा अन्य क्षेत्रों में 1.5 थी।

लोक लेखा समिति ने पन्द्रहवीं लोकसभा के दौरान अपनी 68वीं रिपोर्ट में सिफारिश की है कि मंत्रालय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी परियोजनाओं के लिए मान्य एवं सत्यापन योग्य डेटा और लागत संबंधी धारणाएं, राजस्व और फसल पैटर्न आदि के आधार पर बी.सी.आर. की गणना उचित रूप से की गई है।

आंध्र प्रदेश में चयनित सभी छः एम.एम.आई. परियोजनाओं एवं दो एम.आई. योजनाओं में बी.सी.आर. की गणना हेतु विचारित आगत लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराए गए थे, जिसके अभाव में आँकड़ों की यथार्थता सुनिश्चित नहीं की जा सकी।

नौ राज्यों[22] में 28 एम.एम.आई. परियोजनाओं तथा 10 राज्यों[23] में 82 एम.आई. योजनाओं में हमने पाया कि सी.डब्ल्यू.सी. एवं परियोजना प्राधिकारियों ने बी.सी.आर. की गणना के लिए समान मापदंड नहीं अपनाए थे। भूमि विकास की पूंजी लागत, विभिन्न कार्यों की लागत, वार्षिक संचालन एवं रखरखाव (ओ.&.एम.) शुल्क व मूल्यह्रास को अपनाने में विपथन तथा विसंगतियां थीं जबकि विभिन्न अनाज की उपज तथा वार्षिक लाभ बढ़े हुए थे। महत्वपूर्ण जाँच परिणाम निम्नानुसार हैः-

एम.एम.आई. परियोजनाएं

- तीन राज्यों की पाँच परियोजनाओं[24] में बी.सी.आर. की गणना हेतु फसलों की वार्षिक उपज के संबंध में जिला कृषि अधिकारी से वास्तविक आंकड़े नहीं लिए गए थे।
- महाराष्ट्र की अरूणा परियोजना में बी.सी. अनुपात हेतु परियोजना की लागत की गणना करने के लिए भूमि अधिग्रहण के संदर्भ में ₹ 129.01 करोड़ की लागत को छोड़ दिया गया था।
- छत्तीसगढ़[25] की चार परियोजनाओं में वार्षिक ओ.&एम. शुल्क की गणना में भिन्नताऐं थीं जैसे दो परियोजनाओं में वार्षिक ओ.&एम. की गणना हेतु असमान मापदंडों को अपनाया गया था। दो परियोजनाओं में वार्षिक ओ.&एम. शुल्क ₹ 500.00 से ₹ 600.00 प्रति हेक्टेयर की दरों पर सम्मिलित किया गया था जबकि

22 असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, ओडिशा, महाराष्ट्र, राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश

23 असम, बिहार, झारखंड, मिज़ोरम, सिक्किम, मध्यप्रदेश, नागालैंड, ओडिशा, राजस्थान तथा उत्तराखंड

24 बिहार में दुर्गावती, महाराष्ट्र में लोअर पैनजार और बावंथदी, उत्तराखंड में हैरदोई शाखा व बाणसागर की मरम्मत

25 मनियारी नहर, केलो, महानदी तथा कोसार्टेडा

अन्य दो परियोजनाओं में ओ.&एम. शुल्क के स्थान पर ₹ 100.00 व ₹ 600.00 प्रति हेक्टेयर पर प्रशासनिक व्यय सम्मिलित किया गया था। पूंजी लागत पर मूल्यह्रास व ब्याज भी विभिन्न दरों पर अनुमानित पाए गए थे। इसके अतिरिक्त, भूमि अधिग्रहण एवं आरेखण व अभिकल्पना को अंतिम रूप देने में विलम्ब के कारण लागत वृद्धि जैसी आकस्मिकताओं को किसी भी परियोजना में ध्यान में नहीं लिया गया था।

- ओडिशा की चार परियोजनाओं[26] में 50 वर्षों की अवधि वाली परियोजना की लागत का दो प्रतिशत/100 वर्षों की अवधि वाली परियोजना की लागत का एक प्रतिशत के निर्धारित दर के अनुसार मूल्यह्रास लागत नहीं ली गई थी।
- महाराष्ट्र की तारली परियोजना में तारली घाटी एवं सूखा प्रवृत्त क्षेत्र (मान व खाटवतालुका) के बी.सी.आर. की अलग से कोई गणना नहीं की गई थी।
- राजस्थान की नर्मदा नहर परियोजना के मामले में, परियोजना के निर्माण से पहले असिंचित क्षेत्र 1,14,927 हेक्टेयर के स्थान पर 1,70,222 हेक्टेयर माना गया था तथा निवल मूल्य की गणना भी उच्च मूल्य अर्थात ₹ 633.42 करोड़ के स्थान पर ₹ 651.83 करोड़ पर की गई थी। इसके अतिरिक्त, संचालन एवं रखरखाव लागत की गणना कुल कमाण्ड क्षेत्र (जी.सी.ए.) के स्थान पर सी.सी.ए. के आधार पर की गई थी, जो अधिक थी।

एम.आई. योजनाएं

मंत्रालय ने लेखापरीक्षा अवलोकनों को स्वीकार किया तथा उत्तर दिया (फरवरी 2018) कि आई.पी.यू. का विवरण पी.एम.के.एस.वाई.-ए.आई.बी.पी. डैशबोर्ड में जोड़ा जाएगा।

5.3.2 एम.एम.आई. परियोजनाओं के आई.पी. के आकडों में विसंगति

14 वीं लोकसभा की स्थायी समिति (2016-17) ने आई.पी. के संबंधित आँकड़ों में मेल मिलाप तथा सभी आंकड़ों को एक जगह रखने की सिफारिश की थी, जिससे प्रगति की समग्र तस्वीर आई.पी. निर्माण तथा उपयोग के संदर्भ में उपलब्ध हो सके।

हमने राज्य एजेंसियों की ओर से प्राप्त आई.पी. लक्ष्य पर आंकडे, आई.पी.यू. व आई.पी.सी. आँकडे (अप्रैल-सितम्बर 2017) तथा मंत्रालय द्वारा प्रदत्त आँकडों (फरवरी 2018) के बीच विसंगतियां पाई। आंकडों में पाए गए अंतर को नीचे संक्षिप्त किया गया है:-

- 110 परियोजनाओं में, 5.30 लाख हेक्टेयर[75] तक राज्य व सी.डब्ल्यू.सी. के बीच लक्षित आई.पी. के आँकडों में अंतर था, जो राज्यों के आंकड़ों में आई.पी. के उच्चतर लक्ष्य का सूचक था।
- 110 परियोजनाओं की आई.पी.सी. में राज्यों तथा केन्द्रीय जल आयोग के आंकड़ों में 5.55 लाख हेक्टेयर[76] का अंतर था जो कि राज्यों के उच्चतर लक्ष्य का सूचक था।

[75] 110 परियोजनाओं मे: 61 मामलों में कोई अंतर नहीं, 25 मामलों में सीडब्ल्यूसी डेटा 9.28 लाख हेक्टेयर से अधिक है, तथा 24 मामलों में राज्य डेटा 14.58 लाख हेक्टेयर से अधिक।

[76] 110 परियोजनाओं मे: 34 मामलों में कोई अंतर नहीं, 33 मामलों में 12.83 लाख हेक्टेयर से राज्य डेटा उच्च, तथा 43 मामलों में 7.28 लाख हेक्टेयर से सी.डब्ल्यू.सी. डेटा उच्च है।

- 60 परियोजनाओं में राज्यों तथा केन्द्रीय जल आयोग के आई.पी.यू. आंकड़ों में 8.42 लाख हेक्टेयर[77] तक का अंतर था जो कि राज्यों के आंकड़ों में उच्चतर आई.पी.यू. का सूचक था।

5.4 सुदूर संवेदन का उपयोग

2006 ए.आई.बी.पी. दिशानिर्देशों के अनुसार, भारत सरकार द्वारा सुदूर संवेदन तकनीक का प्रयोग कार्य की प्रगति विशिष्ट रूप से निर्मित आई.पी. के संबंध में निगरानी के लिए किया जा सकता है। केन्द्रीय जल आयोग ने मौजूदा निगरानी तंत्र को विश्वसनीय तथा निष्पक्ष आंकड़ों की मदद से पूरा करने के लिए उपग्रह पर आधारित निगरानी की परिकल्पना की। इसके द्वारा आई.पी.सी., आई.पी.यू. तथा कार्य के लक्ष्यों और भौतिक प्रगति की तुलना के लिए परियोजनाओं के आकार तथा विस्तार-क्षेत्र के प्रत्योक्षकरण हेतु पूर्ण हो चुके तत्वों को डिजिटाइज करने की अपेक्षा थी।

सी.डब्ल्यू.सी. ने राष्ट्रीय सुदूर सवेदन केन्द्र, हैदराबाद (एन.आर.एस.सी.) को चरणों में कार्य सौंपा। प्रथम चरण में (2007-08 से 2009-10), एन.आर.एस.सी. ने 53 परियोजनाओं में से 50 का अध्ययन पूरा किया जिसके लिए सी.डब्ल्यू.सी. ने इसे आँकडे उपलब्ध कराए, जिसमें आई.पी. की क्षेत्र द्वारा रिपोर्ट किए गए आंकड़ों तथा एन.आर.एस.सी. द्वारा किए गए आधारित अध्ययन में 25 प्रतिशत (6.54 लाख हेक्टेयर[78]) का अंतर उद्घटित हुआ। 35 परियोजनाओं में 10 प्रतिशत से भी अधिक तथा आठ परियोजनाओं में 100 प्रतिशत से भी अधिक का अंतर था। दूसरे चरण में, एन.आर.एस.सी. ने अप्रैल 2013 में 50 एम.एम.आई. परियोजनाओं में से 43 का मूल्यांकन पूरा किया तथा 38 एम.एम.आई. परियोजनाओं के मामले में सेटेलाइट के माध्यम से एन.आर.एस.सी. द्वारा तैयार किए गए आँकडो तथा क्षेत्र आँकडो के बीच 38,202 हेक्टेयर के अंतर की सूचना दी। तीसरे चरण में, सी.डब्ल्यू.सी. के इन हाउस वेब सक्षम ऑनलाइन निगरानी प्रणाली के माध्यम से 13 चिन्हित परियोजनाओं में से केवल तीन की ही निगरानी की गई थी।

मंत्रालय ने (फरवरी 2018) एन.आर.एस.सी. द्वारा हाइड्रोलिक संयोजकता के टूट जाने के आधार पर किए गए मूल्यांकन तथा आई.पी. निर्माण को अनुपात में घटाने को विवादास्पद

---

77 40 मामलों में कोई अंतर था, चार मामलों में सी.डब्ल्यू.सी. के आंकड़ें 3.80 लाख हेक्टेयर से ज्यादा थे तथा 16 मामलों में राज्यों के आंकड़ें 1.32 लाख हेक्टेयर से ज्यादा थे।

78 50 परियोजनाओं में, क्षेत्र से प्रतिवेदित बनाई गई 32.72 लाख हेक्टेयर आई.पी. में से, एन.आर.एस.सी. के उपग्रह द्वारा जांच में पाया गया कि वास्तव में केवल 26.11 लाख हेक्टेयर वास्तव में बनाया गया था।

बताया। मंत्रालय ने यह भी कहा कि माइनर्स व सब माइनर्स में प्रयुक्त इमेजरी के डिजिटाइजेश तथा आंकलन में सुदूर संवेदन की अपनी सीमाएं है।

अतः सुदूर संवेदन प्रणाली का प्रयोग उल्लिखित उद्देश्यों के अनुसार विकसित नहीं किया गया तथा आई.पी. की गणना किसी एकरूप या मानकीकृत प्रणाली पर आधारित नहीं थी जिससे आई.पी. द्वारा सूचित तथा विभिन्न एजेंसियों द्वारा सूचित आंकड़ों में अंतर आ गया। एक जगह पर मेल मिलाप किए हुए तथा पूरे आंकड़ों के अभाव ने ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत आई.पी. के सम्पूर्ण चित्रण में बाधा उत्पन्न की।

5.5 राज्य स्तर पर निगरानी

5.5.1 एम.एम.आई. परियोजनाएं

2013 के दिशार्देशों के अनुसार, पर्यावरण संबंधी सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन हेतु ए.आई.बी.पी. के अंर्तगत एम.एम.आई. परियोजनाओं के लिए राज्य स्तरीय निगरानी समितियां (एस.एल.एम.सी.) तत्काल ही सक्रिय की जानी थी। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के समापन पर निधिकरण की अवधि के दौरान परियोजना का समवर्ती मूल्यांकन अनिवार्य था।

19 राज्यों में से 13 के मामलों में एस.एल.एम.सी. के गठन के संबंध में जानकारी उपलब्ध थी। यह भी पाया गया कि एस.एल.एम.सी. का गठन केवल चार राज्यों[79] में ही किया गया।

19 राज्यों की 115 एम.एम.आई. परियोजनाओं में से, केवल 17 राज्यों[80] द्वारा चल रही 86 एम.एम.आई. परियोजनाओं के समवर्ती मूल्यांकन सबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। इन 86 एम.एम.आई. परियोजनाओं में केवल 43 में समवर्ती मूल्यांकन 2013-17 के दौरान नहीं किया गया।

5.5.2 लघु सिंचाई योजनाएं

2006 के दिशानिर्देशों के अनुसार, लघु सिंचाई योजनाओं की निगरानी स्वयं राज्य सरकारों द्वारा निर्माण एजेंसियों से स्वतंत्र एजेंसियों के माध्यम से की जानी थी। एम.आई.एस. योजनाओं की निगरानी पर लेखापरीक्षा निष्कर्षों की चर्चा आगे की गई हैः-

---

79 छत्तीगढ़, गोवा, गुजरात तथा ओडिशा

80 असम, आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू व कश्मीर, झारखण्ड़, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान, तेलंगाना, त्रिपुरा तथा पश्चिम बंगाल।

उत्तर पूर्वीय राज्य

- केवल नागालैण्ड में ही स्वतन्त्र एजेंसी द्वारा निगरानी की गई।
- अरूणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, सिक्किम तथा त्रिपुरा की चयनित एम.आई. योजनाओं की निगरानी राज्य सरकारों द्वारा स्वतन्त्र एजेंसियों के माध्यम सें नहीं की गई।
- मिजोरम में, स्वतन्त्र एजेंसियों के माध्यम से चयनित एम.आई. योनजाओं के मूल्यांकन व निगरानी के समर्थन में कोई भी अभिलेख लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं किए गए।

अन्य राज्य

- जम्मू कश्मीर, झारखण्ड़, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान तथा उत्तराखण्ड़ में, दो एम.आई. योजनाओं के अलावा (झारखण्ड व उत्तराखण्ड में एक-एक), सम्बन्धित राज्य सरकारों द्वारा स्वतन्त्र एजेंसियों के माध्यम से चयनित एम.आई. योजनाओं का मूल्यांकन नहीं किया गया।
- आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना तथा पश्चिम बंगाल में राज्य स्तर की एजेंसियों द्वारा एम.आई. योजनाओं की निगरानी से सम्बन्धित रिकार्ड उपलब्ध नहीं थे।

5.5.3 तिमाही प्रतिवेदनों में सेटेलाइट इमेजरी का प्रयोग

2013 ए.आई.बी.पी. दिशानिर्देशों के अनुसार, परियोजना घटकों को साफ तौर पर दर्शाती हुई सेटेलाइट इमेजरी का पेपर प्रिंट परियोजना के पूरा होने पर तथा प्रत्येक वर्ष की समाप्ति पर संबंधित राज्यों की ओर से मुख्य अभियंता (पी.एम.ओ.), सी.डब्ल्यू.सी. तथा संबंधित क्षेत्रीय सी.डब्ल्यू.सी. मुख्य अभियंता के कार्यालय तक पहुंच जाना चाहिए। कार्य संबंधी नेटवर्क वितरण की निगरानी हेतु, सभी मुख्य संरचनाओं की सूची, सबंधित वर्ष में कवर किए जाने वाले आउटलेट तथा रेल/रोड़ क्रांसिग/उपयोगिता क्रांसिग लक्ष्यों के रूप में परिभाषित की जानी चाहिए तथा उनकी उपलब्धि के लिए निगरानी की जानी चाहिए।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि राज्य सरकार द्वारा ए.आई.बी.पी. के अंर्तगत सभी एम.एम.आई. परियोजनाओं हेतु प्रत्येक वर्ष की समाप्ति पर परियोजना घटकों को स्पष्ट तौर पर दर्शाती हुई सेटेलाइट इमेजरी का पेपर प्रिंट, मुख्य अभियंता (पी.एम.ओ.), सी.डब्ल्यू.सी. को भौतिक व वित्तीय प्रगति रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत नहीं किया गया।

मंत्रालय ने स्वीकार किया कि (फरवरी 2018) तकनीकी विशेषज्ञता की उपलब्धता की कमी, अच्छी गुणवत्ता की इमेजरी इत्यादि की खरीद में असमर्थता के कारण राज्य इन इमेजरी को प्रस्तुत करने के योग्य नहीं था।

5.6 परियोजनाओं/योजनाओं का संचालन व रखरखाव

5.6.1 जल उपयोगकर्ताओं का संघ

लोक लेखा समिति (15वीं लोकसभा के दौरान ए.आई.बी.पी. पर 68वी. रिपोर्ट) ने मंत्रालय को ए.आई.बी.पी. परियोजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु जल उपयोगकर्ता संघ (डब्ल्यू.यू.ए.एस.) के सविधान तथा सहभागिता सिंचाई प्रबंधन पर सभी राज्य सरकारों के लागू कानून को सुनिश्चित करने व पर्यवेक्षण करने की सिफारिश की थी। ए.आई.बी.पी. दिशानिर्देशों के अनुसार, एम.आई. योजनाओं के तहत बनाई गई संपत्तियों के निर्माण के बाद रखरखाव के लिए जल उपयोगकर्ता संघों का गठन किया जाना था।

सहभागिता सिंचांई प्रबंधन पर कानूनों के अधिनियमन संबंधी जानकारी 21 राज्यों हेतु उपलब्ध थी, जिसमें से 13 राज्य, सहभागिता सिंचाई प्रबंधन पर कानून लागू कर चुके थे।

जल उपयोगकर्ता संघ (डब्ल्यू.यू.ए.एस.) के गठन संबंधी जानकारी 20 राज्यों द्वारा प्रदान की गई, जिसमे से 12 राज्य डब्ल्यू.यू.ए.एस. का गठन कर चुके थे, परंतु ये सभी परियोजनाओं में लागू नहीं किए गए थे।

सहभागिता सिंचाई प्रबंधन को सुनिश्चित करने का लक्ष्य पर्याप्त नहीं था जिसने जलउपयोग शुल्कों के संग्रह तथा निगरानी, जल वितरण पर नियंत्रण व चोरी तथा जल के विपयन को प्रभावित किया।

नहरों से सिंचाई जल के अवैध उत्थापन के मामले का अध्ययन

नर्मदा नहर परियोजना में, स्प्रिंकलर या ड्रिप के उपयोग के द्वारा अनिवार्य दबाव सिंचाई को अपनाया गया था। यह पाया गया कि नर्मदा मुख्य नहर तथा उसकी डिस्ट्रीब्यूट्रीज व माइनर को निकट के किसानों जिन्होंने मोटर पम्प का उपयोग करते हुए अपने क्षेत्र की सिंचाई करने के लिए नहर से अवैध रूप से जल को उठा लेने के कारण हानि हुई थी। इसलिए, नर्मदा मुख्य नहर से अवैध मोटर पम्प व अन्य अतिक्रमणों को हटाने के लिए एक अभियान (28 अप्रैल 2016 से 30 अप्रैल 2016) चलाया गया था तथा अनेक मोटर पम्प/इंजिन व पाइप को जब्त कर लिया गया था। यह पाया गया था कि डिस्ट्रीब्यूट्रीज व माइनर से जल के आहरण को जांचने हेतु ऐसा कोई अभियान नहीं चलाया गया था, यद्यपि यह भी जल चोरी की समस्या का सामना कर रही थीं।

नर्मदा नहर की डिस्ट्रीब्यूटरी

बाँम्बर्डे, ताराले, पाल तथा इन्दोली पर एल.आई.एस. मामले का अध्ययन

परियोजना प्राधिकारी ने बाँम्बर्डे, ताराले, पाल तथा इन्दोली पर एल.आई.एस. निर्माण पर क्रमशः ₹ 28.32 करोड़ तथा ₹ 42.38 करोड़ का व्यय किया। यद्यपि मई 2013 में कार्य पूर्ण हुआ, कथित एल.आई.एस. का प्रयोग नहीं किया गया क्योंकि जल उपयोगकर्ता संघो का गठन नहीं किया गया था। जल उपभोगकर्ता संघ के गठन का कार्य सितम्बर 2014 में 30 महीनों की समय सीमा के साथ ₹ 40.64 लाख की लागत पर लिया गया अर्थात् मार्च 2017 तक, हालांकि यह अपूर्ण था तथा केवल ₹ 4.75 लाख का भुगतान किया गया। परिणामस्वरूप, एल.आई.एस. के निर्माण पर किया गया ₹ 70.70 करोड़ की राशि का व्यय अवरूद्ध रहा। आगे, एल.आई.एस. के गैर-कार्यात्मकतता की वजह से जल की उपलब्धता के बावजूद अनुमानित आई.पी. का उपयोग नहीं किया जा सका।

5.6.2 परियोजनाओं/योजनाओं के संचालन तथा रखरखाव में कमियां

ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत निर्मित परियोजना परिसम्पत्तियों का उचित व सामयिक रखरखाव किसानों के निरंतर लाभ प्रोद्भवन व निर्मित सुविधाओं की अविरल कार्यपद्धति को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। उपरोक्त पैरा 5.6.1 में उल्लिखित सहभागिता सिंचाई प्रबंधन एवं बुनियादी ढांचे के संचालन और रखरखाव के लिए एक स्थापित तंत्र के अभाव में, लेखापरीक्षा में खराब रखरखाव के कई मामले सामने आए जिसके परिणामस्वरूप आई.पी का गैर-उपयोग तथा ढांचों का नुकसान हुआ, जिन पर नीचे तालिका 5.3 में चर्चा की गई हैः

तालिका 5.3 संचालन व रखरखाव में कमियां

राज्य	ओ.&एम. में मुद्दे
आंध्र प्रदेश	लेखापरीक्षा में अवलोकन किया गया कि अगस्त 2007 में पूरे हुए वेलीगालू परियोजना में,संबंधित विभाग द्वारा उचित रखरखाव नहीं किया गया क्योंकि ठेकेदार द्वारा पूरे किए जाने वाले वास्तविक कार्य में कुछ कमियों को ठीक नहीं किया गया था।
गोआ	तिल्लारी परियोजना में, नहरों के कुछ अनुभागों में कार्य के रखरखाव के गैर–क्रियान्वयन की वजह से वनस्पति की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई।
झारखण्ड	लेखापरीक्षा में पाया गया कि सोनुआ जलाशय स्कीम में, परिसम्पत्तियों के रखरखाव पर 31 मार्च 2017 तक ₹ 7.18 करोड़ खर्च करने के बावजूद सिविल संरचनाओं जैसे स्पिलवे के कंक्रीट स्लैब, बाईं मुख्य नहर का एक्वा-डक्ट तथा बाईं मुख्य नहर के 12 कि.मी. पर क्रॉस ड्रेनेज क्षतिग्रस्त थे तथा पानी के बहाव में बाधा डाल रहे थे।

राज्य	ओ.&एम. में मुद्दे
कर्नाटक	गैन्डोरीनला परियोजना के अंर्तगत लेखापरीक्षा में पूर्ण हो चुके भाग में नहर नेटवर्क का कमजोर रखरखाव पाया गया जो पानी के बहाव को प्रभावित कर रहा था।
केरल	कारापुजा परियोजना में, पानी के वितरण की कटौती तथा कई स्थानों पर रिसाव की वजह से 2011-12 से 2015-16 के दौरान 938 हेक्टेयर से 530 हेक्टेयर तक आई.पी. उपयोगिता में गिरावट हुई। नहर के मरम्मत कार्य में विलंब के कारण आई.पी. का पांच वर्षों के लिए उपयोग नहीं किया जा सका।
मध्य प्रदेश	यद्यपि खो चुके आई.पी. की मरम्मत हेतु बरखेड़ी वेयर स्कीम के क्षतिग्रस्त भाग की मरम्मत के लिए ₹ 12.88 लाख की राशि खर्च की गई, एक भाग पानी की बहाव के साथ बह गया तथा वेयर का रखरखाव नहीं किया जा सका। लेखापरीक्षा में, रहमानपुरा टैंक तथा बेखलड़ा टैक एम.आई. योजनाओं में भी जलद्वार आउटलेट में अवरोधों तथा नहर में क्षति पाई गई जो विभाग द्वारा अपर्याप्त रखरखाव को दर्शाते है।
महाराष्ट्र	पांच परियोजनाओं के मामलों में, लेखापरीक्षा में नहर में बहुत अधिक मात्रा में वनस्पति की वृद्धि की वजह से जल में अवरोध को नोटिस किया गया। दो परियोजनाओं में, कचरे की वजह से पानी का बहाव अवरूद्ध था। दो परियोजनाओं में, किसान नहर के निरीक्षण रास्तों तथा सेवा सड़क पर अतिक्रमण कर चुके थे तथा अतिक्रमण भूमि पर कृषि गतिविधियाँ कर रहे थे।
त्रिपुरा	मनु व खोवाई परियोजनाओं में लेखापरीक्षा में नोटिस किया गया कि पेड़ों के गिरने, भूस्खलन तथा झाडियों के उगने की वजह से अवरोध के समशोधन के लिए नहर के कई हिस्सों में मरम्मत व रखरखाव की जरूरत थी।
पश्चिम बंगाल	मई 2017 में टैटकों सिंचाई परियोजना के स्थल दौरों के दौरान ए.आई.बी.पी. (2000-01) के अंतर्गत शामिल करने से पहले पूरे हुए मुख्य कार्य भाग के अंतर्गत स्पिलवे के सेतुबंध तथा मिलन स्थान बुरी स्थिति में थे। परियोजना प्राधिकारी ने कहा (जून 2017) कि रखरखाव कार्य शुरू किया जा चुका है।

5.7 लेखापरीक्षा निष्कर्ष

राज्य स्तर पर परियोजनाओं के मूल्यांकन तथा सी.डब्ल्यू.सी. द्वारा की गई निगरानी दौरों में कमियां थी। राज्य स्तरीय निगरानी समितियां केवल चार राज्यों में बनाई गईं थी। अधिकारियों द्वारा दौरा की गई सभी परियोजनाओं में सी.डब्ल्यू.सी. रिपोर्ट तैयार नहीं की गई तथा सी.डब्ल्यू.सी. प्रतिवेदनों में उजागर मुद्दे अनुपालन हेतु लंबित थे। मंत्रालय द्वारा जिम्मेदार ठहराई गई अन्य सीमाओं व इमेजरी के कम रिजोल्यूशन की वजह से एन.आर.एस.सी. द्वारा

सुदूर संवेदन तकनीक के माध्यम से निगरानी नहीं की गई। हालांकि, एन.आर.एस.सी. द्वारा उजागर आई.पी. में अंतर तथा एन.आर.एस.सी. तथा मंत्रालय के आई.पी. आंकडों में भिन्नता आई.पी. गणना में प्रणालीगत सीमाओं को दर्शाती है। जल प्रयोक्ता संघों के माध्यम से सहभागिता सिंचाई प्रबंधन सीमित संख्या, स्थिति और उनके पास उपलब्ध संसाधनों के कारण गंभीर बाधाओं से ग्रस्त था, जिससे परियोजना के संचालन और रखरखाव पर प्रभाव पड़ा। इसके अलावा, निगरानी में कमियों तथा विचलन व कमियों का पता लगाने में सामयिक अनुवर्तन की कमी ने कार्यक्रम के पूर्ण व उचित मूल्यांकन को प्रभावित किया।

निष्कर्ष

जल की पर्याप्त व आश्वस्त आपूर्ति का अभाव भारतीय कृषि के लिए अभिशाप है जो कि कृषि के उत्पादन एवं विकास को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रही है। ए.आई.बी.पी. की एक ऐसे कार्यक्रम के रूप में कल्पना की गई थी जो एक यथेष्ट लागत पर ली गई कई सिंचाई परियोजनाओं में तीव्रता लाता ताकि कृषि हेतु जल की पर्याप्त एवं आश्वस्त आपूर्ति के उद्देश्य को पूरा किया जा सके तथा जिससे कृषि को अपेक्षित प्रोत्साहन प्राप्त हो सके। कार्यक्रम का आरंभ 1996-97 में किया गया था तथा बाद में धीरे-धीरे सभी प्रकार की सिंचाई योजनाओं व परियोजनाओं में विस्तारित किया गया था। कार्यक्रम के अंतर्गत निधिकरण के स्वरूप का विकास भी जारी रहा जिसका केन्द्र विशेष वर्ग, पहाड़ी राज्यों तथा विशेष क्षेत्रों पर रहा। कार्यक्रम को अब प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में सम्मिलित कर लिया गया है जो मिशन प्रणाली में पूर्ण की जाने वाली 99 अपूर्ण एम.एम.आई. परियोजनाओं पर केन्द्रित है। इस निष्पादन लेखापरीक्षा में सम्मिलित अवधि अर्थात् 2008-17 के दौरान ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत 17,201 एम.एम.आई. परियोजनाएं व 11,291 एम.आई. योजनाएं कार्यान्वित की जा रही थीं तथा इन परियोजनाओं/योजनाओं को दी गई कुल केन्द्रीय सहायता ₹ 41,143 करोड़ थी। कार्यक्रम के महत्व, 1996-97 से उसकी निरंतर अस्तित्व तथा परियोजनाओं पर पर्याप्त केन्द्रीय परिव्यय के बावजूद, ए.आई.बी.पी. की लेखापरीक्षा में कार्यक्रम की योजना, कार्यान्वयन व निगरानी में कई कमियां पाई गई।

ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत सम्मिलित परियोजनाएं एवं योजनाएं दिशानिर्देशों से भिन्न थीं तथा विस्तृत परियोजना प्रतिवेदनों (डी.पी.आर.) की तैयारी एवं प्रसंस्करण में कमियां व परियोजनाओं की लाभ लागत अनुपात की त्रुटिपूर्ण गणना को पाया गया था। इस कारण से कार्य की अभिकल्पना व कार्यक्षेत्र में परिवर्तन तथा लागत आकलन में संशोधन हुआ जिसने परियोजनाओं के कार्यान्वयन के कार्य को प्रभावित किया। जिस प्रकार कार्यक्रम के वित्त का प्रबंधन किया जा रहा था उसमें भी कमियां पाई गई थीं, जिसमें निधियों को पूर्ण रूप से जारी नहीं किया जा रहा था या विलम्ब के साथ जारी किया जा रहा था। ₹ 2,187.40 करोड़ की राशि की निधियों हेतु उपयोगिता प्रमाणपत्र जिसमें राज्य की एजेंसियों द्वारा प्राप्त कुल केन्द्रीय सहायता का 37 प्रतिशत समाविष्ट था, को समय पर मंत्रालय को प्रस्तुत नहीं किया गया। निधियों का विपथन व रोके रखना तथा कल्पित व छलपूर्ण व्यय जैसी वित्तीय अनियमितताएं पाई गई थी।

ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत परियोजनाओं का कार्यान्वयन धीमा था जिसमें पूर्ण परियोजनाओं का प्रतिशत कम रहा तथा परियोजनाओं में एक से 18 वर्षों का विलम्ब हो रहा था।

अधूरी योजना व अकुशल कार्य प्रबंधन के साथ-साथ परियोजनाओं के कार्यान्वयन में विलम्ब के कारण अधिकांश परियोजनाओं में अत्यधिक लागत वृद्धि हुई। सिंचाई क्षमता (आई.पी.) सृजन के संबंध में, परिकल्पित लाभ की प्राप्ति एम.एम.आई. परियोजनाओं में केवल 68 प्रतिशत तथा एम.आई. योजनाओं में 39 प्रतिशत थी। एम.एम.आई. परियोजनाओं व एम.आई. योजना हेतु निर्मित आई.पी. का उपयोग क्रमशः 65 प्रतिशत तथा 73 प्रतिशत था। भूमि अधिग्रहण में विलम्ब, विलम्बित स्वीकृतियां तथा पुनर्वास एवं पुनः स्थापन उपाय तथा कार्य प्रबंधन में कमियों के कारण विलम्ब तथा लागत वृद्धि हुई। अनियमित/अपव्ययी/परिहार्य/ अतिरिक्त व्यय तथा ठेकेदारों को अनुचित लाभ के अनेक उदाहरण भी पाए गए थे।

लेखापरीक्षा में यह भी उद्घाटित हुआ कि केन्द्रीय व राज्य एजेंसियों द्वारा निगरानी शिथिल थी तथा सुदूर संवेदन प्रौद्योगिकी जैसी आधुनिक प्रौद्योगिकी को प्रभावशाली रूप से प्रसारित नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त, जल उपयोगकर्ता संघों के माध्यम से भागीदारी सिंचाई प्रबंधन उनकी कम संख्या, स्थिति तथा उनकी कमांड में संसाधनों के कारण गंभीर बाधाओं से जूझ रही थी, जो परियोजनाओं के संचालन और अनुरक्षण को प्रभावित कर रही थी।

इस प्रकार, यद्यपि ए.आई.बी.पी. कृषि व कृषि क्षेत्र के विकास हेतु अत्यधिक महत्वपूर्ण था व उसमें समाविष्ट परियोजनाओं पर अत्यधिक केन्द्रीय व्यय किया गया था, लेकिन कार्यक्रम का पिछड़ना जारी रहा व लागत में अत्यधिक वृद्धि हुई। इसके अतिरिक्त, अधिकांश परियोजानाओं ने अपनी लक्षित आई.पी. को प्राप्त नहीं किया। प्रतिवेदन में दर्शाए गए विभिन्न कारणों, लागत वृद्धि तथा आई.पी. निर्माण व उपयोग में कमी के कारण परियोजनाओं की मूल परिकलित लाभ लागत अनुपात की तुलना में वास्तविक लाभ लागत अनुपात कम रहा। इस प्रकार, परियोजना की पूर्णता में विलम्ब, उनकी लागत में वृद्धि तथा आई.पी. निर्माण व उपयोग में कमी ने कार्यक्रम के समग्र उद्देश्य जो सिंचाई परियोजनाओं की शीघ्र पूर्णता को सुनिश्चित करना था ताकि कृषि हेतु जल की पर्याप्त व आश्वस्त आपूर्ति उपलब्ध हो सके, को निष्फल बना दिया।

अनुशंसाएं

लेखापरीक्षा जांच परिणामों के आधार पर निम्न अनुशंसाएं की जाती हैः-

1. परियोजनाओं की लाभ लागत अनुपात की गणना करते समय सम्यक परिश्रम का उपयोग करना चाहिए जिसे वास्तविक अनुमानों पर आधारित होना चाहिए व निरंतर समीक्षा की जानी चाहिए।
2. मंत्रालय विशेष देखरेख हेतु विशिष्ट क्षेत्रों को पहचानने के लिए कार्यक्रम व पृथक् परियोजनाओं के निष्पादन का मूल्यांकन करें तथा कार्यक्रम की शीघ्र पूर्णता हेतु प्रयासों को भी तेज करें।
3. आई.पी.यू. को सुधारने हेतु परियोजनाओं में कमांड क्षेत्र विकास कार्य के समकालिक कार्यान्वयन को सुनिश्चित किया जाना चाहिए तथा संबंधित राज्यों को अतिशीघ्र कमांड क्षेत्र विकास प्रस्तावों को प्रस्तुत करने का सुझाव दिया जाना चाहिए।
4. कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य के प्रबंधन में उचित जांच सुनिश्चित करने तथा कार्य के दोषयुक्त निष्पादन हेतु उत्तरदायित्व निर्धारित करने हेतु राज्य सरकार को सुझाव देना चाहिए।
5. मंत्रालय को विभिन्न एजेंसियों के साथ-साथ केन्द्रीय स्तर पर नियमित निगरानी व मूल्यांकन सुनिश्चित करना चाहिए तथा समय से अनुवर्ती कार्रवाई करनी चाहिए।
6. मंत्रालय निर्मित सिंचाई क्षमता की गणना हेतु एकसमान व विश्वसनीय प्रणाली का विकास करे तथा उसे सुदूर संवेदन प्रौद्योगिकी के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के साथ मिलाए ताकि परियोजनाओं/योजनाओं के निष्पादन का सटीक आकलन प्राप्त हो सके।

(मनीष कुमार)
महानिदेशक लेखापरीक्षा
वैज्ञानिक विभाग

नई दिल्ली
दिनांकः 20 सितम्बर 2018

प्रतिहस्ताक्षरित

(राजीव महर्षि)
भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक

नई दिल्ली
दिनांकः 24 सितम्बर 2018

अनुबंध

अनुबंध 1.1

(पैरा 1.4 तथा 1.6 का संदर्भ लें)

ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत एम.एम.आई. परियोजनाओं व एम.आई. योजनाओं की राज्य-वार संख्या

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	राज्य	एम.एम.आई.परियोजनाएं		एम.आई. योजनाएं	
		2008-17 के दौरान परियोजनाओं की कुल संख्या	कुल स्वीकृत लागत	2008-17 के दौरान एम.आई. योजनाओं की कुल संख्या	कुल स्वीकृत लागत
1.	गुजरात	5	55,049.28	-	-
2.	महाराष्ट्र	48	35,803.69	169	723.19
3.	तेलंगाना	13	24,614.09	-	-
4.	कर्नाटक	17	23,980.51	750	966.74
5.	मध्य प्रदेश	19	15,902.27	593	1,748.13
6.	ओडिशा	11	15,840.36	58	92.52
7.	राजस्थान	3	10,024.23	7	73.49
8.	उत्तर प्रदेश	9	9,994.90	-	-
9.	झारखंड	8	7,255.13	537	544.31
10.	बिहार	6	3,893.43	268	198.02
11.	आंध्र प्रदेश	12	4,564.50	100	373.41
12.	छत्तीसगढ़	7	3,413.06	409	1,700.30
13.	मणिपुर*	3	2,286.26	505	-
14.	पश्चिम बंगाल	4	2,078.80	57	23.88
15.	पंजाब*	3	1,599.47	-	-
16.	उत्तराखंड	1	1,446.00	2,295	1,351.87
17.	असम	6	1,184.06	1,554	6,211.36
18.	केरल	4	1,058.17	-	-
19.	गोवा	1	1,051.69	-	-
20.	जम्मू एवं कश्मीर	13	796.09	878	1,075.54
21.	हिमाचल प्रदेश	4	674.33	359	52.11
22.	त्रिपुरा	3	273.36	181	104.48
23.	मेघालय	1	16.30	348	450.29
24.	मिजोरम	-	-	207	182.35

क्रम सं.	राज्य	एम.एम.आई.परियोजनाएं		एम.आई. योजनाएं	
		2008-17 के दौरान परियोजनाओं की कुल संख्या	कुल स्वीकृत लागत	2008-17 के दौरान एम.आई. योजनाओं की कुल संख्या	कुल स्वीकृत लागत
25.	सिक्किम	-	-	444	121.91
26.	अरूणाचल प्रदेश	-	-	625	313.77
27.	नागालैंड	-	-	947	493.11
कुल		**201**	**2,22,799.98**	**11,291**	**16,800.78**

***मणिपुर और पंजाब नमूने में नहीं चुने गए थे।**

अनुबंध 1.2

(पैरा 1.5 का संदर्भ लें)

2008-17 के दौरान ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत एम.एम.आई. परियोजनाओं तथा एम.आई. योजनाओं के राज्य-वार जारी निधि तथा प्रतिवेदित व्यय

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	राज्य का नाम	जारी किया गया सी.ए.	राज्य का जारी किया हिस्सा	प्रतिवेदित व्यय
1.	आंध्र प्रदेश	444.00	1,463.06	1,619.85
2.	अरूणाचल प्रदेश	336.00	प्रस्तुत नहीं किया गया	394.76
3.	असम	3,682.00	454.19	3,992.90
4.	बिहार	416.00	3,314.64	2,345.46
5.	छत्तीसगढ़	1,040.00	1,348.51	2,373.86
6.	गोवा	107.00	प्रस्तुत नहीं किया गया	544.99
7.	गुजरात	4,644.00	10,770.83	14,498.80
8.	हिमाचल प्रदेश	466.00	41.85	488.51
9.	जम्मू एवं कश्मीर	1,377.00	117.38	1,416.29
10.	झारखंड	1,839.00	1,866.24	3,676.09
11.	कर्नाटक	3,512.00	4,205.16	8,876.44
12.	केरल	15.00	553.27	745.59
13.	मध्य प्रदेश	4,864.00	11,508.57	16,153.73
14.	महाराष्ट्र	5,953.00	9,371.39	14,442.98
15.	मणिपुर	1,388.00	उपलब्ध नही*	उपलब्ध नही*
16.	मेघालय	451.00	105.44	555.73
17.	मिजोरम	182.00	20.49	306.67
18.	नांगालैंड	512.00	52.86	578.99
19.	ओडिशा	3,469.00	प्रस्तुत नहीं किया गया	9,294.45
20.	पंजाब	243.00	उपलब्ध नही*	उपलब्ध नही*
21.	राजस्थान	483.00	प्रस्तुत नहीं किया गया	1,619.19
22.	तेलंगाना	2,301.00	8,877.64	15,279.16
23.	त्रिपुरा	181.00	17.08	193.80
24.	सिक्किम	60.00	12.72	72.83
25.	उत्तर प्रदेश	1,784.00	2,491.82	3,341.71
26.	उत्तराखंड	1,352.00	212.70	1,563.00
27.	पश्चिम बंगाल	42.00	प्रस्तुत नहीं किया गया	116.84
	कुल	**41,143.00**	**56,805.84***	**1,04,492.62**

***मणिपुर और पंजाब नमूने में नहीं चुने गए थे।**

अनुबंध 1.3

(पैरा 1.5 का संदर्भ लें)

2008-17 के दौरान एम.एम.आई. परियोजनाओं व एम.आई. योजनाओं हेतु जारी की गई केन्द्रीय सहायता/ अनुदान का विवरण

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	राज्य	एम.एम.आई. परियोजनाएं	एम.आई. योजनाएं	कुल
1.	आंध्र प्रदेश	70	374	444
2.	अरूणाचल प्रदेश	-	336	336
3.	असम	389	3,293	3,682
4.	बिहार	218	198	416
5.	छत्तीसगढ़	219	821	1,040
6.	गोवा	107	-	107
7.	गुजरात	4,644	-	4,644
8.	हिमाचल प्रदेश	229	237	466
9.	जम्मू एवं कश्मीर	302	1,075	1,377
10.	झारखंड	1,295	544	1,839
11.	कर्नाटक	3,103	409	3,512
12.	केरल	15	-	15
13.	मध्यप्रदेश	3,115	1,749	4,864
14.	महाराष्ट्र	5,230	723	5,953
15.	मणिपुर	1,119	269	1,388
16.	मेघालय	-	451	451
17.	मिजोरम	-	182	182
18.	नागालैंड	-	512	512
19.	ओडिशा	3,376	93	3,469
20.	पंजाब	243	-	243
21.	राजस्थान	469	14	483
22.	सिक्किम	-	60	60
23.	तेलंगाना	2,301	-	2,301
24.	त्रिपुरा	76	105	181
25.	उत्तर प्रदेश	1,784	-	1,784
26.	उत्तराखंड	-	1,352	1,352
27.	पश्चिम बंगाल	30	12	42
कुल		**28,334**	**12,809**	**41,143**

स्रोतः मंत्रालय

अनुबंध 1.4

(पैरा 1.9 का संदर्भ लें)

नमूना क, ख एवं ग के अंतर्गत चयनित एम.एम.आई. परियोजनाओं तथा एम.आई. योजनाओं का राज्य-वार विवरण

क्रम सं.	राज्य	प्रमुख एवं मध्यम परियोजनाएं						लघु योजनाएं	
		नमूना क			नमूना ख			नमूना ग	
		पूर्ण	चालू	स्थगित	पूर्ण	चालू	स्थगित	पूर्ण	चालू
1.	आंध्र प्रदेश	0	0	0	2	3	1	1	1
2.	अरूणाचल प्रदेश	0	0	0	0	0	0	15	7
3.	असम	0	0	0	1	3	0	15	15
4.	बिहार	1	0	0	0	2	0	11	3
5.	छत्तीसगढ़	1	1	0	2	0	0	12	9
6.	गोवा	0	0	0	0	1	0	0	0
7.	गुजरात	0	0	0	2	1	0	0	0
8.	हिमाचल प्रदेश	0	1	0	0	2	0	15	2
9.	जम्मू एवं कश्मीर	0	2	0	0	7	0	15	15
10.	झारखंड	0	1	0	0	4	0	15	5
11.	केरल	0	1	0	0	1	0	0	0
12.	कर्नाटक	1	5	0	2	2	0	15	10
13.	मध्य प्रदेश	3	4	0	0	4	0	15	8
14.	महाराष्ट्र	1	5	0	13	10	0	4	4
15.	मेघालय	0	0	0	0	0	1	11	6
16.	मिजोरम	0	0	0	0	0	0	10	2
17.	नागालैंड	0	0	0	0	0	0	15	8
18.	ओडिशा	0	1	0	0	6	0	1	2
19.	राजस्थान	0	0	0	0	3	0	1	1
20.	सिक्किम	0	0	0	0	0	0	14	8
21.	तेलंगाना	0	0	0	0	6	0	2	0
22.	त्रिपुरा	0	0	0	0	2	0	8	1
23.	उत्तर प्रदेश	0	2	0	1	3	0	0	0
24.	उत्तराखंड	0	0	0	0	0	1	15	15

क्रम सं.	राज्य	प्रमुख एवं मध्यम परियोजनाएं						लघु योजनाएं	
		नमूना क			नमूना ख			नमूना ग	
		पूर्ण	चालू	स्थगित	पूर्ण	चालू	स्थगित	पूर्ण	चालू
25.	पश्चिम बंगाल	0	0	0	0	2	0	3	0
	कुल	7	23	0	23	62	3	213	122
	कुल योग	30			88			335	

अनुबंध 1.5

(पैरा 1.9 का संदर्भ लें)

चयनित नमूना एम.एम.आई. परियोजनाओं तथा एम.आई. योजनाओं के विमोचन एवं व्यय का राज्य वार विवरण

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रं. सं	राज्य का नाम	एम.एम.आई. परियोजनाएं				एम.आई. योजनाएं		
		परियोजना की संख्या	स्वीकृत लागत	2008-17 के दौरान जारी सी.ए.	2008-17 के दौरान व्यय	योजनाओं की संख्या	स्वीकृत लागत	2008-17 के दौरान व्यय
1.	आंध्र प्रदेश	6	1,998.63	0	612	2	29.80	17.30
2.	अरूणाचल प्रदेश	-	-	-	-	22	17.45	15.60
3.	असम	4	1,093.58	388	455	30	240.93	133.07
4.	बिहार	3	1,726.87	143	842	14	54.63	55.13
5.	छत्तीसगढ़	4	1,758.51	144	703	21	141.14	155.53
6.	गोवा	1	1,051.69	107	545	-	-	-
7.	गुजरात	3	54,921.19	4,643	14,499	-	-	-
8.	हिमाचल प्रदेश	3	586.24	198	329	17	52.11	54.62
9.	जम्मू एवं कश्मीर	9	679.60	261	290	30	220.08	128.25
10.	झारखंड	5	6,999.00	1,280	2,982	20	34.39	30.40
11.	कर्नाटक	10	16,179.74	1,197	4,046	25	75.59	75.48
12.	केरल	2	594.57	6	51	-	-	-
13.	मध्य प्रदेश	11	10,483.03	1,790	5,599	23	165.25	188.66
14.	महाराष्ट्र	29	26,695.15	3,579	9,668	8	365.30	528.82
15.	मेघालय	1	16.30	0	0	17	94.45	41.52
16.	मिजोरम	-	-	-	-	12	19.09	16.34
17.	नागालैंड	-	-	-	-	23	29.38	28.56
18.	ओडिशा	7	10,282,08	1,744	6,044	3	4.38	6.76
19.	राजस्थान	3	10,024.23	469	1,550	2	59.32	47.85
20.	सिक्किम	-	-	-	-	22	6.86	4.32
21.	तेलंगाना	6	23,678.78	2,243	11,016	2	3.72	5.01
22.	त्रिपुरा	2	190.35	50	50	9	12.34	9.70
23.	उत्तराखंड	1	1,446	0	0	30	53.03	47.52
24.	उत्तर प्रदेश	6	7,687.70	938	3,517	-	-	-
25.	पश्चिम बंगाल	2	2,052.55	4	3	3	1.31	1.27
	कुल	**118**	**1,80,145.79**	**19,184**	**62,801**	**335**	**1,680.55**	**1,591.71**

स्रोतः मंत्रालय एवं राज्य प्राधिकरण

अनुबंध 1.6

(पैरा संख्या 1.11 का संदर्भ लें)

पी.ए.सी. की अनुशंसा पर मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई का सत्यापन

पन्द्रहवीं लोकसभा के दौरान पी.ए.सी. की 68वें प्रतिवेदन की अनुशंसाएं तथा उस पर कार्रवाई			
	पी.ए.सी. (2012-13)	मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई	लेखापरीक्षा टिप्पणी
1.	• सभी प्राथमिक प्रतिवेदनों के संबंध में विस्तृत सर्वेक्षण व जांच तत्काल आरंभ की जानी चाहिए। • सभी परियोजनाओं हेतु डी.पी.आर. पर जोर दिया जाना चाहिए। • लागत, राजस्व एवं फसल पद्धति, आदि से संबंधित अनुमानों की वैध व सत्यापित तिथी पर आधारित, मंत्रालय को सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी परियोजनाओं हेतु बी.सी.आर. उचित रूप से निकाला गया हो।	• प्राथमिक प्रतिवेदन के आधार पर किसी भी परियोजना को मंजूर नहीं किया गया। • राज्य सरकार को मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार डी.पी.आर. तैयार करने के निर्देश दिये गए। • मंत्रालय सुनिश्चित करेगा कि बी.सी.आर. की गणना हेतु फसल पद्धति, उत्पादकता, उत्पादन की दर, आदि संबंधित आँकडों की राज्य कृषि विभाग द्वारा विधिवत रूप से जाँच की जाएगी।	• एक परियोजना के मामले में डी.पी.आर. तैयार नहीं किया गया था। मंत्रालय के दिशानिर्देशों में दी गई शर्तों की तुलना में 35 एम.एम.आई. परियोजनाओं के डी.पी.आर. में कमियाँ थीं। *(पैरा 2.4)* • नौ राज्यों की 28 एम.एम.आई. परियोजनाओं एवं 82 एम.आई. योजनाओं में बी.सी.आर. की गणना हेतु समान मापदंडों को अपनाया नहीं गया था। *(पैरा 2.5)*
2	मंत्रालय को उन परियोजनाओं को चालू नहीं किया गया समझना चाहिए जहाँ संरचना पूर्ण हो चुकी है परन्तु लक्षित सिंचाई क्षमता के वास्तविक उपयोग की पुष्टि नहीं की गई।	एम.ओ.डब्ल्यू.आर. ने निर्मित सिंचाई क्षमता के शीघ्र उपयोग को सुनिश्चित करने की दृष्टि से ए.आई.बी.पी. के साथ-साथ सी.ए.डी.एवं.डब्ल्यू.एम. परिपस्सु के अंतर्गत परियोजनाओं को लेने हेतु कार्रवाई आरंभ कर दी थी।	नौ एम.एम.आई. परियोजनाओं एवं 14 एम.आई. योजनाओं के मामले में अपूर्ण परियोजनाओं को पूर्ण समझने के मामले पाए गए। *(पैरा 4.2.1 एवं 4.3.1)*
3.	मंत्रालय द्वारा किये गए क्षेत्र के दौरों को परियोजना के कार्यान्वयन में हुए विलम्ब का अनिवार्य रूप से संज्ञान लेना चाहिए तथा उसके निवारण हेतु सभी समेकित उपायों का सुझाव देना चाहिए।	• बाधाओं को पहचानने तथा विलंब को कम करने हेतु उपायों की अनुशंसा पर ज़ोर देते हुए निगरानी की संशोधित प्रक्रिया को स्थापित करने के लिए	• सी.डब्ल्यू.सी. द्वारा निगरानी में लगातार कमी थी। *(पैरा 5.2.1)*

पन्द्रहवीं लोकसभा के दौरान पी.ए.सी. की 68वें प्रतिवेदन की अनुशंसाएं तथा उस पर कार्रवाई			
	पी.ए.सी. (2012-13)	मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई	लेखापरीक्षा टिप्पणी
		सी.डब्ल्यू.सी. एवं उसके क्षेत्रिय कार्यालयों द्वारा निगरानी की प्रक्रिया की गंभीर रूप से समीक्षा की जा रही है। • इसके अतिरिक्त, निगरानी की निर्धारित आवृत्ति के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए स्वंतत्र विशेषज्ञओं/संगठन को सम्मिलित करने का प्रस्ताव दिया गया है।	
4.	मंत्रालय को ऐसे सभी मामलों में विस्तृत जाँच करनी चाहिए जहाँ राज्य सरकार प्राधिकारियों द्वारा अपूर्ण/चालू न की गई परियोजनाओं को पूर्ण हो चुकी परियोजना प्रमाणित कर दिया गया था।	अनुपालन हेतु नोट कर लिया गया।	• पूर्ण प्रमाणित की गई 30 एम.एम.आई. परियोजनाओं में से नौ अपूर्ण पाई गई थीं। एम.आई. योजनाओं के मामले में, 14 एम.आई. योजनाऐं निष्क्रिय पायी गई थीं। *पैरा 4.2.1, 4.3.1 एवं 4.3.2)*
5.	भूमि अधिग्रहण के मुद्दों का हल निकालने के लिए मंत्रालय को राज्य सरकार को सहमत करना चाहिए। निधियों के विमोचन को भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में हुई संतोषजनक प्रगति के साथ निरपवाद रूप से जोड़ा जाना चाहिए। विभिन्न संबंधित प्राधिकारियों के साथ समन्वय हेतु एक प्रभावी संस्थागत तंत्र को स्थापित करना चाहिए।	एक विशेष वर्ष हेतु निधियाँ तभी विमोचित की जाएँगी जब उस वर्ष के कार्य हेतु अपेक्षित भूमि राज्य सरकार के कब्जे में हो। राज्य सरकार से अनुरोध किया गया है कि वे परियोजनाओं की निगरानी हेतु परियोजना/राज्य स्तरीय कमेटियाँ बनाऐं जो समन्वय संबंधी मुद्दों की देखरेख करेगी। इसके अतिरिक्त, निगरानी की प्रक्रिया के दौरान इन मुद्दों पर जोर देना भी प्रस्तावित किया गया।	• 56 एम.एम.आई. परियोजनाओं के मामले में, भूमि अधिग्रहण पूरा नहीं हुआ था। *(पैरा 4.6)* • 22 एम.एम.आई. परियोजनाओं में स्वीकृति संबंधी मुद्दे थे। *(पैरा 4.8)* • यद्धपि सी.डब्ल्यू.सी. की निगरानी रिपोर्टों ने चार मामलों में लंबित भूमि अधिग्रहण के मुद्दों को

पन्द्रहवीं लोकसभा के दौरान पी.ए.सी. की 68वें प्रतिवेदन की अनुशंसाएं तथा उस पर कार्रवाई			
	पी.ए.सी. (2012-13)	मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई	लेखापरीक्षा टिप्पणी
			दर्शाया, राज्यों/परियोजना अधिकरियों द्वारा सुधारात्मक कार्रवाई अभी तक पूरी नहीं हुई है। *(पैरा 5.2.1.2)*
6.	सिंचाई क्षमता की कमी का समाधान उच्चतम स्तर पर करना चाहिए ताकि इस कार्यक्रम के अंतर्गत सिंचाई क्षमता का सर्वोत्तम/अनुकूलतम उपयोग शीघ्रताशीघ्र किया जा सके।	मंत्रालय ने ए.आई.बी.पी. के साथ ही सी.ए.डी.एवं.डब्ल्यू.एम. परिपस्सु के अंतर्गत परियोजना को लेने हेतु कार्रवाई आरंभ की है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार से यह भी अनुरोध/सुझाव दिया जाएगा कि वह सिंचित कृषि भूमि को गैर-कृषि उद्देश्यों में न बदले।	115 एम.एम.आई. परियोजनाओं में निर्मित आई.पी. एवं उपयोग की गई आई.पी. में 35 प्रतिशत का समग्र अंतर था। *(पैरा 4.5.2)*
7.	मंत्रालय को तुरंत कदम उठाने चाहिए राज्य कि सरकार समक्रमिक रीति से चरणों में सिंचाई परियोजनाओं को निष्पादित करे, सुनिश्चित करने हेतु ताकि एक चरण के पूर्ण हो जाने पर किसान को सिंचाई के जल का लाभ प्राप्त हो सके।	राज्य सरकार को निर्माण योजना पर जोर देने तथा अनुमोदित योजना का सख्ती से पालन करने के लिए कहा गया है।	जाँच परीक्षा ने सात राज्यों की 10 एम.एम.आई. परियोजनाओं तथा चार एम.आई. योजनाओं में कार्य की त्रुटिपूर्ण प्रावस्था को प्रकट किया। *(पैरा 4.9.2)*
8.	मंत्रालय यह सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास करे कि निर्मित क्षमता का लाभपूर्वक उपयोग हो।	एम.ओ.डब्ल्यू.आर. ने परियोजना को सी.ए.डी. एवं. डब्ल्यू.एम. परिपस्सु के साथ-साथ ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत लेने हेतु कार्यवाही आरंभ की गई थी, इस दृष्टि से कि निर्मित सिंचाई क्षमता का शीघ्र उपयोग सुनिश्चित हो।	निर्मित आई.पी. की तुलना में उपयोग की गई आई.पी. में 35 प्रतिशत की कमी थी। *(पैरा 4.5.2)*
9.	प्रधान मंत्रालय समय से परियोजनाओं को पूरा न कर पाने के मामलों में अनुदान घटक को ऋण में परिवर्तित करने हेतु ए.आई.बी.पी. दिशानिर्देशों के	कठोर अनुपालन हेतु अनुशंसाओं को नोट कर लिया गया है।	मंत्रालय ने समय लंघन के 105 मामलों में से किसी भी मामले में अनुदान को ऋण में परिवर्तित नहीं किया। *(पैरा 3.10)*

पन्द्रहवीं लोकसभा के दौरान पी.ए.सी. की 68वें प्रतिवेदन की अनुशंसाएं तथा उस पर कार्रवाई			
	पी.ए.सी. (2012-13)	मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई	लेखापरीक्षा टिप्पणी
	प्रावधनों को लागू करने में विफल रहा।		
10.	समिति ने पाया कि जल संसाधन मंत्रालय ने निधियों के विपथन, अप्राधिकृत व्यय एवं अन्य वित्तीय अनियमितताओं को रोकने के लिए एक तंत्र बनाया है।	कठोर अनुपालन हेतु अनुशंसाओं को नोट कर लिया गया है।	₹ 1,578.55 करोड़ की निधि के विपथन के दृष्टांत थे। *(पैरा 3.6)*
11.	समिति ने अनुशंसा की कि मंत्रालय को पूर्वनिर्धारित मानदंड अर्थात कृषि पर निर्भर जनसंख्या, अभी पूरी न की गई आधारभूत सिंचाई क्षमता (यू.आई.पी.), राज्यों के पिछले प्रदर्शन के आधार पर राज्यों को केन्द्रीय निधियों का सामान वितरण सुनिश्चित करना चाहिए। मंत्रालय एवं सी.डब्ल्यू.सी., ए.आई.बी.पी. निधियों को समय से जारी करें।	राज्य सरकार से प्रस्तावों को माँगने एवं प्राप्त करने तथा समय से निधियों को जारी करने के लिए वित्त मंत्रालय को उसे अग्रेषित करने हेतु एम.ओ.डब्ल्यू.आर. द्वारा प्रयास किये जाते हैं।	मंत्रालय ने वर्षों के अंत पर एम.एम.आई. परियोजनाओं हेतु ₹ 6,747.46 (35 प्रतिशत) की राशि तथा एम.आई. योजनाओं हेतु ₹ 2,725.55 की राशि जारी (2008-17) की, जिसमें वित्त वर्ष के अंत के पश्चात निधि जारी करने के 11 दृष्टांत हैं। *(पैरा 3.2)*
12.	समिति ने यह भी पाया कि 21 राज्यों में जाँची गई परियोजनाओं में जल उपोयोगकर्ता संघ नहीं था या व्यवहारिक रूप से गैर-कार्यात्मक था। अनेक परियोजनाओं के संबंध में किसानों/जल उपयोगकर्ता संघ को पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को सौंपने हेतु व्यवस्था संचालित नहीं की गई थी।	मंत्रालय ने सहभागिता सिंचाई प्रबंधन और जल प्रयोक्ता संघ के संविधान पर कानून के अधिनियमन के लिए सभी राज्यों को एक मॉडल बिल (1976) प्रसारित किया है।	आठ राज्यों ने डब्ल्यू.यू.ए. गठित नहीं किया था। *(पैरा 5.6.1)*
13.	मंत्रालय सुनिश्चित करे कि राज्य सरकार जल संसाधन नियामक प्राधिकरणों/आयोगों की स्थापना में शीघ्र कार्रवाई करे तथा परियोजनाओं के आधारभूत आस्तियों के रखरखाव हेतु अपने संबंधित राज्य बजट में उपयुक्त प्रावधान बनाऐं।	मंत्रालय ने सहभागिता सिंचाई प्रबंधन और जल प्रयोक्ता संघ के संविधान पर कानून के अधिनियमन के लिए सभी राज्यों को एक मॉडल बिल (1976) प्रसारित किया है।	आठ राज्यों ने सहभागिता सिंचाई प्रबंधन पर कानून नहीं बनाए थे। *(पैरा 5.6.1)*

पन्द्रहवीं लोकसभा के दौरान पी.ए.सी. की 68वें प्रतिवेदन की अनुशंसाएं तथा उस पर कार्रवाई			
	पी.ए.सी. (2012-13)	**मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई**	**लेखापरीक्षा टिप्पणी**
14.	तत्काल दिशानिर्देशों के साथ उपयुक्त रूप से निगरानी दौरों को बढ़ाना चाहिए तथा विस्तृत निरीक्षण प्रतिवेदनों को संघ के साथ-साथ राज्य सरकार को भी प्रस्तुत किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, 22 राज्यों में सूदूर संवेदन प्रौद्योगिकी का प्रभावशाली रूप से उपयोग आवश्यक है।	सी.डब्ल्यू.सी. एवं उसके क्षेत्रिय कार्यालयों द्वारा की गई निगरानी की प्रक्रिया की गंभीर रूप से समीक्षा की जा रही है। निगरानी एवं मूल्यांकन में सहयोग हेतु राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेन्टर व अन्य ऐजन्सियों जैसी स्वंतत्र ऐजन्सियों से संपर्क किया गया है।	सी.डब्ल्यू.सी एवं राज्य सरकार द्वारा निगरानी में लगातार कमी एवं अभाव था। *(पैरा 5.2.1.1 एवं 5.5)* ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत निगरानी हेतु सूदूर संवेदन का बहुत सीमित उपयोग था। *(पैरा 5.4)*
15.	समिति ने चिंता के साथ पाया कि राज्य सरकार, योजना आयोग, सी.डब्ल्यू.सी. आदि के बीच समन्वय की कोई संस्थागत व्यवस्था नहीं थी। मंत्रालय ने आश्वस्त किया कि निगरानी प्रतिवेदनों में दिए गए सुझावों का दृढ़ता से अनुपालन किया जाएगा।	सी.डब्ल्यू.सी. एवं उसके क्षेत्रिय कार्यालयों द्वारा निगरानी प्रक्रिया की गंभीर रूप से समीक्षा की जा रही है। निगरानी एवं मूल्यांकन में सहयोग हेतु स्वतंत्र एजेंसियों जैसे नैशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर (एन.आर.एस.सी.) व अन्य एजेंसियों से संपर्क किया जा रहा है।	2013 की ए.आई.बी.पी. दिशानिर्देशों के पश्चात किये जाने वाले दौरों की संख्या में कमी होने के बावजूद सी.डब्ल्यू.सी. द्वारा निगरानी में लगातार कमी थी। इसके अतिरिक्त, स्वतंत्र एजेंसियों जैसे एन.आर.एस.सी. व अन्य एजेंसियों की भूमिका अति सीमित थी क्योंकि उनकी कवरेज बहुत व्यापक नहीं थीं। *पैरा 5.2.1.1 और 5.4)*
16.	मंत्रालय को दृढ़ता से राज्य सरकार के साथ नैशनल रिमोट सेंसिंग केंद्र द्वारा पाई गई कमियों व अंतर के समाधान को सुनिश्चित करना चाहिए।	जैसा कि पूर्व में प्रस्तुत किया गया था कि 17 परियोजनाओं के प्रतिवेदनों से संबंधित राज्य सरकार को अवगत करा दिया गया था।	राज्यों एवं मंत्रालय द्वारा दी गई आई.पी. के डाटा में अंतर था। *(पैरा 5.3.2)* एन.आर.एस.सी. ने भी राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों में अंतर बताया था। *(पैरा 5.4)*
17.	समिति ने अस्पष्ट शर्तों पर अनुशंसा की कि परियोजना के सभी प्रकार जैसे मुख्य/मध्य/लघु सिंचाई परियोजनाओं में समाप्ति तक जल	मात्रात्मक व गुणात्मक पहलुओं का प्रभावी रूप से समाधान करने के लिए निगरानी प्रक्रिया की समीक्षा की जा रही है।	जल उपलब्धता के त्रुटिपूर्ण आकलन व परियोजनाओं हेतु उपलब्ध जल की मात्रा में अंतर के चार मामले थे।

पन्द्रहवीं लोकसभा के दौरान पी.ए.सी. की 68वें प्रतिवेदन की अनुशंसाएं तथा उस पर कार्रवाई			
	पी.ए.सी. (2012-13)	**मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई**	**लेखापरीक्षा टिप्पणी**
	की उपलब्धता निरपवाद रूप से सुनिश्चित की जानी चाहिए।		*(पैरा 2.4)*
18.	समय बद्ध रीति से सूखा प्रवण क्षेत्रों व मरूस्थल प्रवण क्षेत्रों हेतु सिंचाई क्षमता को निर्मित करने के लिए कठोर प्रयास किये जाने चाहिए। इससे खाद्ध सुरक्षा न केवल इन क्षेत्रों में होगी बल्कि पूरे देश में भी होगी।	मंत्रालय ने ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत चालू एवं नई परियोजनाओं के वित्त पोषण हेतु एक नोट चलाया जिससे डी.पी.ए.पी. क्षेत्रों के समान कार्य की पात्र लागत हेतु 90 प्रतिशत की केन्द्रीय सहायता का लाभ देना था।	2013 के ए.आई.बी.पी. दिशानिर्देशों के अनुसार मरूस्थल विकास कार्यक्रम (डी.डी.पी.) क्षेत्र/सूखा उद्यत/प्रवृत्त क्षेत्र को लाभान्वित कर रही परियोजना को लाभान्वित डी.पी.ए.पी. क्षेत्रों के समान माना गया इसलिए नई परियोजनाऐं अनुदान के 90 प्रतिशत पर केन्द्रीय सहायता के पात्र थीं। पी.एम.के.एस.वाई. के अंतर्गत, गैर-एस.सी.एस. के विशेष क्षेत्रों के मामले में अक्तूबर 2015 से ए.आई.बी.पी. हेतु कन्द्रीय हिस्से को 60 प्रतिशत कर दिया गया था। *(पैरा 1.5)* डी.पी.ए.पी. के अंतर्गत छः परियोजनाऐं अपूर्ण थीं जिसमें दो से छः वर्षों तक का समय लगा था। *(पैरा 4.2.1)*

अनुबंध 2.1
(पैरा 2.3 का संदर्भ ले)
ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत एम.एम.आई. परियोजना का अनियमित समावेश

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	राज्य का नाम	परियोजना का नाम	परियोजना का वर्ग	ए.आई.बी.पी. में समावेश का वर्ष	स्वीकृत लागत (नवीनतम)	सी.एल.ए./ सी.ए. जारी	टिप्पणी
उन राज्यों में स्वीकृत ई.आर.एम. जहां की ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत पहले से ही परियोजनाएं हैं							
1.	जम्मू व कश्मीर	कांडी नहर का आधुनिकीकरण	ई.आर.एम.	2007-08	53.70	16.20	यद्यपि राज्य के पास एम.एम.आई. परियोजना थी तथा वह ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर रहे थे, फिर भी ई.आर.एम. को ए.आई.बी.पी. के अधीन सम्मिलित किया गया था।
2.		ददी नहर का आधुनिकीकरण	ई.आर.एम.	2006-07	49.95	34.50	
3.		मुख्य रावी नहर की मरम्मत एवं आधुनिकीकरण	प्राथमिकता	2011-12	66.67	36.28	
4.		अहजी नहर का आधुनिकीकरण	ई.आर.एम.	2008-09	20.51	12.09	
5.	कर्नाटक	भीमसमुद्र टैंक की मरम्मत	ई.आर.एम.	2009-10	9.38	3.48	
6.	केरल	चतुर्पुझा	ई.आर.एम.	2010-11	34.57	5.85	
7.	उत्तर प्रदेश	लाहचुरा बांध का आधुनिकीकरण	ई.आर.एम.	2005-06	328.82	66.90	
8.		हरदोई शाखा की सिंचाई तीव्रता में सुधार करना	ई.आर.एम.	2006-07	135.17	24.79	
9.		शारदा सहायक नहर प्रणाली की मरम्मत	ई.आर.एम.	2009-10	317.25	39.37	
	कुल				**1,016.02**	**239.46**	
योजना आयोग से स्वीकृती न प्राप्त हुई परियोजनाएं							
10.	कर्नाटक	वरही	मुख्य	2007-08	569.53	99.63	योजना आयोग की अनुमति के बिना
11.	महाराष्ट्र	हेतेवाने	मध्यम	2002-03	329.90	50.50	
12.		अरूणा	मध्यम	2009-10	669.08	70.54	
13.		अर्जुन	मध्यम	2009-10	436.49	80.51	
	कुल				**2,045.00**	**301.18**	

क्रम सं.	राज्य का नाम	परियोजना का नाम	परियोजना का वर्ग	ए.आई.बी.पी. में समावेश का वर्ष	स्वीकृत लागत (नवीनतम)	सी.एल.ए./ सी.ए. जारी	टिप्पणी
परियोजनाएं जो उन्नत चरण में नहीं है							
14.	आंध्र प्रदेश	स्वर्णमुखी	मध्यम	2005-06	52.04	11.86	₹ 52.04 करोड़ के विरूद्ध व्यय (₹ 12.50 करोड़) केवल 24 प्रतिशत था।
15.		तादीपुडी एल.आई.एस.	मुख्य	2006-07	467.70	48.22	मार्च 2006 को व्यय केवल ₹ 91.22 (24.20 प्रतिशत था।)
16.		तारकारमा तीर्थ सागरम	मध्यम	2005-06	471.32	33.00	मार्च 2005 तक व्यय शून्य था।
17.	हिमाचल प्रदेश	बलह घाटी लेफ्ट बैंक	मध्यम	2009-10	103.78	55.22	मार्च 2009 को व्यय केवल ₹ 10.52 (16.90 प्रतिशत था तथा मुख्य कार्य घटक की मद-1 (10 मदों मं से) की 60 प्रतिशत व घटक-8 अर्थात नलकूपों से लिफ्ट प्रणाली की 5 प्रतिशत से कम वास्तविक प्रगति हुई।
18.	जम्मू व कश्मीर	प्रकाचिक खोस नहर	प्राथमिकता	2007-08	53.32	31.65	₹ 35.43 करोड़ की स्वीकृत लागत के विरूद्ध व्यय केवल ₹ पांच लाख (14 प्रतिशत) था तथा वास्तविक प्रगति शून्य थी।
19.	कर्नाटक	गुड्डादा मल्लापुरा एल.आई.एस.	मध्यम	2009-10	115.40	79.36	मार्च 2009 को व्यय केवल ₹ 16.36 करोड़ (14 प्रतिशत) था।
20.	महाराष्ट्र	लोअर पेधी	मुख्य	2008-09	594.75	223.60	मार्च 2008 तक ₹ 283.10 करोड़ की अनुमानित लागत के विरूद्ध व्यय ₹ 3.40 करोड़ (1.20 प्रतिशत) था।
21.		वार्ना	मुख्य	2005-06	1,256.77	48.37	मार्च 2005 तक ₹ 1,256.77 करोड़ की

क्रम सं.	राज्य का नाम	परियोजना का नाम	परियोजना का वर्ग	ए.आई.बी.पी. में समावेश का वर्ष	स्वीकृत लागत (नवीनतम)	सी.एल.ए./ सी.ए. जारी	टिप्पणी
							अनुमानित लागत के विरूद्ध व्यय केवल ₹ 357.52 करोड़ (28.44 प्रतिशत) था।
22.		संगोला शाखा नहर	मुख्य	2007-08	937.92	140.37	मार्च 2007 तक ₹ 287.77 करोड़ की अनुमानित लागत के विरूद्ध व्यय केवल ₹ 76.41 करोड़ (26.55 प्रतिशत) था।
23.	ओडिशा	रूकुरा ट्राइबल	मध्यम	2009-10	296.98	70.92	मार्च 2009 तक व्यय ₹ 42.84 करोड़ (22.75 प्रतिशत) था तथा मार्च 2010 तक वास्तविक प्रगति शून्य थी सिवाए भूमि अधिग्रहण के (बांद हेतु 97 प्रतिशत, मुख्य नहर 47 प्रतिशत हेतु)
24.	तेलंगाना	एस.आर.एस.पी. की बाढ़ प्रवाह नहर	ई.आर.एम.	2005-06	5,940.09	382.40	समावेश के समय ₹ 1,331.30 करोड़ की अनुमानित लागत का व्यय ₹ 451.45 करोड़ (33.91 प्रतिशत) था। 08.12.05 को मुख्य कार्य की वास्तविक प्रगति शून्य थी तथा भूमि अधिग्रहण व मुख्य नहर का भूमि कार्य क्रमशः 37 प्रतिशत व 27 प्रतिशत था।
25.		पलेमवागु	मध्यम	2005-06	221.48	9.54	₹ 29.13 करोड़ की अनुमानित लागत का व्यय ₹ 7.42 करोड़ (25.47 प्रतिशत) था।

क्रम सं.	राज्य का नाम	परियोजना का नाम	परियोजना का वर्ग	ए.आई.बी.पी. में समावेश का वर्ष	स्वीकृत लागत (नवीनतम)	सी.एल.ए./ सी.ए. जारी	टिप्पणी
26.		जे. चोक्का राव, एल.आई.एस.	प्राथमिकता	2006-07	13,445.44	1,787.69	31.03.06 तक व्यय ₹ 972.18 करोड़ (16.16 प्रतिशत) था तथा मार्च 2006 तक वास्तविक प्रगति 0.5 प्रतिशत से 16 प्रतिशत के बीच थी।
27.	उत्तर प्रदेश	मध्य गंगा नहर चरण-II	मुख्य	2008-09	2,865.11	191.95	व्यय केवल ₹ 26.175 करोड़ था जो कि ₹ 1,060.76 करोड़ की परियोजना लागत (2008-15) की तुलना में महत्वहीन (2.5 प्रतिशत) था।
कुल					**26,822.10**	**3,114.15**	
एक लाख हेक्टेयर को आश्वस्त जल आपूर्ति न होना							
28.	झारखण्ड	गुमानी	मध्यम	1997-98	185.76	31.40	तीन परियोजनाओं का अनुमानित कुल कमांड क्षेत्र ए.आई.बी.पी. दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अंतर्गत अपेक्षित एक लाख हेक्टेयर से कम था।
29.		सोनुआ	मध्यम	1997-98	82.65	19.24	
30.		सुरांगी	मध्यम	1997-98	41.17	13.28	
कुल					**309.58**	**63.92**	

अनुबंध 2.2
(पैरा 2.4 का संदर्भ लें)
डी.पी.आर. में कमियां

क्रम सं.	राज्य	परियोजना का नाम	मुद्दे
		एम.एम.आई. परियोजनाएं	
1.	आंध्र प्रदेश	तारकरमा तीर्थ सागरम	विभागीय सर्वेक्षण व जांच के पश्चात डी.पी.आर. (नवम्बर 2003) में एक विपथन नहर सम्मिलित की गई थी। कार्य के निष्पादन के दौरान, विभाग ने पाया (मार्च 2015) कि नहर की मार्गरेखा में एक पुरातात्विक स्मारक था जिससे विभाग को मार्गरेखा में परिवर्तन करना पड़ा जो डी.पी.आर. में नहर के अनुचित संरेखण को दर्शाता है।
2.		गंडलाकाम्मा जलाशय परियोजना	परियोजनाओं का विचारित, आई.पी. निर्माण 32,399 हेक्टेयर था। परियोजना के कमांड क्षेत्र के भीतर 3,604 हेक्टेयर की आई.पी. के निर्माण हेतु भूमि (अगस्त 2009) की पहचान न होने के कारण, सी.ई. ने राज्य सरकार (अगस्त 2009) को एक अन्य परियोजना (कृष्णा पश्चिम डेल्टा) को जल की आपूर्ति का प्रस्ताव दिया जहां आई.पी. पहले से ही निर्मित एवं स्थानबद्ध थी। राज्य सरकार द्वारा नियुक्ति की गई आंतरिक मानदंड समिति ने प्रस्ताव स्वीकार (जुलाई 2010) किया तथा तदानुसार कृष्णा पश्चिम डेल्टा के अंतिम बाग क्षेत्र में कार्य निष्पादित किया जो डी.पी.आर. में पहचाना नहीं गया था व जिसकी लागत ₹ 7.63 करोड़ थी।
3.		वेलीगल्लू	डी.पी.आर. के अनुमोदन में पांच वर्षों का विलम्ब हुआ था।
4.		स्वर्णमुखी	ई.पी.सी. की संविदा एजेंसी ने विस्तृत जांच की तथा 4,648 हेक्टेयर की आई.पी. की पहचान की। हालांकि, केवल 3,644 हेक्टेयर पर ही सिंचाई की जा सकी तथा अयाकट के आवासीय/वाणिज्यिक प्लाट में परिवर्तित होने तथा प्रस्तावित अयाकत में अयाकतदारों द्वारा मत्स्य तलाबों को बनाने के कारण अयाकत उपलब्ध नहीं थे।
5.	बिहार	दुर्गावती	डी.पी.आर. निर्माण योजना (परियोजना की गतिविधि वार तकनीकी ब्यौरा) से रहित था जो परियोजना के चरण एवं पूर्ण होने में लगने वाले अपेक्षित समय का निरूपण करता है।
6.		पुनपुन	
7.	गोवा	तिल्लारी	लघु सिंचाई योजना (असोनोरा बांद्रा) में 18.24 हेक्टेयर के कमांड क्षेत्र की अतिव्याप्ति सम्मिलित है।
8.	हिमाचल प्रदेश	सिद्धता	निविदा से पूर्व अनुमानित सुरंग में भू-वैज्ञानिक स्तर के परिवर्तन तथा श्रमिक दरों में वृद्धि के कारण परियोजना संशोधित (2011) करनी पड़ी थी। हालांकि, प्रभाग के ई.ई. ने उत्तर दिया कि परियोजना के निष्पादन के आरंभिक व अंतिम चरण के बीच भू-वैज्ञानिक स्तर में कोई परिवर्तन

क्रम सं.	राज्य	परियोजना का नाम	मुद्दे
			नहीं हुआ था। प्रभाग, प्रारंभिक रूप से और/निष्पादन के दौरान सर्वेक्षण और परियोजना जांच के एक हिस्से के रूप मे मनाए गए भू-वैज्ञानिक स्तर के परिणामों को उपलब्ध कराने में भी असफल रहा। अतः परियोजना के भू-वैज्ञानिक स्तर में कोई परिवर्तन न होने की दृष्टि में परियोजना की लागत में वृद्धि अनुचित थी।
9.		शाह नहर	कार्यों के वितरण हेतु पार जलनिकासी कार्यों (एक्वेडक्ट) के लिए परियोजना की प्रारंभिक डी.पी.आर. में अपर्याप्त प्रावधान था। परियोजना को पूर्ण करने हेतु डिस्ट्रीब्यूट्री डी-1 व डी-2 में अतिरिक्त एक्वेडक्ट के निर्माण हेतु ₹ छह करोड़ के अतिरिक्त व्यय की आवश्यकता पड़ी।
10.	जम्मू व कश्मीर	रणबीर नहर का आधुनिकीकरण	जलग्रहण क्षेत्र, वर्षा, अपवाह बाढ़ आदि जैसे जल वैज्ञानिक पहलू नहीं थे।
11.		कांडी नहर	मृदा सर्वेक्षण, जल ठहराव, लवणता, निकासी जैसे मौसम संबंधी आंकड़े, नहीं थे।
12.		मुख्य रावी नहर का आधुनिकीकरण	जल वैज्ञानिक एवं मौसम संबंधी पहलू नहीं थे।
13.	कर्नाटक	घाटप्रभा स्तर-III	परियोजना हेतु सिंचन क्षेत्र (यानी 1,77,822 हेक्टेयर) का आकलन 20,556 हेक्टेयर के अचकट क्षेत्र को सम्मिलित करके किया था, जो संगम शाखा नहर के अंतर्गत सम्मिलित था। बाद में, इस क्षेत्र को घाटप्रभा स्तर-III से कम कर दिया गया था तथा इस कारण से अंतिम सिंचाई क्षमता क्षेत्र कम हो गया।
14.		अपर तुंगा	मूल स्वीकृति के अनुसार, मुख्य नहर का निर्माण 270 किमी तक किया जाना था। हालांकि, कम्पनी द्वारा मुख्य नहर की लंबाई को 258 किमी तक सीमित करने का निर्णय लिया गया था क्योंकि शेष भूमि शहरी विकास क्षेत्र के अंतर्गत आ रही थी। मुख्य नहर की लंबाई को सीमित करने हेतु जी.ओ.के. एवं सी.डब्ल्यू.सी. का अनुमोदन प्राप्त नहीं किया गया था। कार्य की आरंभिक स्वीकृति हेतु किया गया सर्वेक्षण दोषपूर्ण था क्योंकि शहर से गुजरने वाली नहर स्पष्ट रूप से ज्ञात थी। मुख्य नहर की लंबाई को 258 किमी तक कम करते समय कम्पनी ने सिंचाई क्षमता पर निर्णय के प्रभाव पर चर्चा नहीं की थी।
			आरम्भ में प्रस्तावित की गई अपर तुंगा परियोजना की मुख्य नहर के 212 से 217 कि.मी. तक संरेखण हेतु नियंत्रित

क्रम सं.	राज्य	परियोजना का नाम	मुद्दे
			विस्फोट अपेक्षित था। नहर को गहरे कटाव व सोमनकट्टे-बसवनकट्टे गांव की सीमा में जाने से बचाने के लिए इसे बाद (मार्च 2012) में अमुमान की स्वीकृति के समय संशोधित किया गया था। कार्य के निष्पादन के दौरान 212 कि.मी. से लेकर 213.220 कि.मी. के हिस्से को सुलझाया नहीं जा सका क्योंकि इस विस्तार में किसानों ने संरेखण को बदलने की मांग की। संविदा को रद्द कर दिया गया तथा शेष कार्य हेतु एक नई निविदा अधिसूचना जारी (22.02.2017) की गई थी। हालांकि, भूमि अभी तक अभिग्रहित की जानी थी। मूल मार्गरेखा को संशोधित करने से ₹ 1.42 करोड़ (संशोधित अनुमान के अनुसार) का अतिरिक्त व्यय हुआ।
15.	मध्यप्रदेश	सिंध फेज-II	आंकड़े के संबंध में सिंचन क्षेत्र के आकलन को किसी परियोजना के डी.पी.आर. में अलग से दर्शाया नहीं गया था।
16.		बाणसागर इकाई-II	
17.	महाराष्ट्र	अर्जुन	मूल डी.पी.आर. में आंकलित मात्रा की तुलना में जलग्रहण क्षेत्र में जल की अधिक उपलब्धता होने के कारण मिट्टी के बांध की ऊंचाई को 61.20 मी. से 70.35 मी. तक बढ़ा दिया गया था ताकि अधिक भंडारण से अधिक जल उपलब्धता का लाभ प्राप्त किया जा सके जिसमें अर्जुन परियोजना में ₹ 29.99 करोड़ का लागत अनुमान सम्मिलित था।
18.		अरूणा	जलग्रहण क्षेत्र में अपर्याप्त जल उपलब्धता के कारण अधिक भंडारण हेतु मिट्टी के बांध की ऊंचाई 70.41 मी. से 80.41 मी. तक बढ़ा दी गई थी जिसमें ₹ 170.82 करोड़ का लागत अनुमान सम्मिलित था।
19.		कृष्णा कोयना एल.आई.एस.	अपर्याप्त सर्वेक्षण व जांच के कारण अभिकल्पना में बदलाव हुआ।
			डी.पी.आर. के अनुमोदन में चार वर्षों का विलम्ब हुआ।
20.		वर्ना	राज्यस्तरीय सलाहकार तकनीकी समिति (एस.एल.टी.ए.सी.), नासिक की अनुशंसाओं (जून 2016) के अनुसार राईट बैंक नहर की लंबाई को 117 किमी से 60 किमी तक कम करना नहर की लंबाई के त्रुटिपूर्ण आकलन को दर्शाता है।
21.		हेतवने	अपर्याप्त सर्वेक्षण व जांच के कारण संरचनात्मक अभियांत्रिकी में बदलाव हुआ।
22.		संगोला शाखा	अपर्याप्त सर्वेक्षण व जांच के कारण अभिकल्पना में बदलाव हुआ।
23.		धोम बलकवड़ी	अपर्याप्त सर्वेक्षण व जांच के कारण अभिकल्पना में बदलाव हुआ।
24.		लोअर वर्धा	डी.पी.आर. के अनुमोदन में 25 वर्षों का विलम्ब हुआ।
25.		वांग	डी.पी.आर. के अनुमोदन में छः वर्षों का विलम्ब हुआ।
26.		तिलारी	सर्वेक्षणों में कमियां थी।

क्रम सं.	राज्य	परियोजना का नाम	मुद्दे
27.	तेलंगाना	जे.चोखा राव (प्राथमिकता-I	जल ग्रहण बिन्दु से 13 कि.मी. की दूरी पर जल उपलब्धता के आकलन के कारण ग्रहण बिंदु पर जल योजनाबद्ध किए गए 170 दिनों की अपेक्षा केवल 130 दिनों तक के लिए ही जल उठाया गया था।
